डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल महानगर

20 मार्च 2024 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

29 अधिकतम

17 न्यूनतम




# लोकसभा चुनाव से भला क्यों कतरा रहे हैं दिग्गज कांग्रेसी?



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

लोकसभा चुनाव की रणभेरी केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने बजा दी है। लेकिन चुनावी समर में उतरकर भाजपा और एनडीए से दो-दो हाथ करने के लिए इं.डि.या. गठजोड़ बनाने वाली पार्टी के कांग्रेसी दिग्गजों के चुनाव लडऩे के नाम पर हाथ पैर फूल रहे हैं। किसी भी जंग में फौज की अगुआई करने वाले सेनापति की हिम्मत ही सेना के जवानों में जीत का हौसला भरती है। लेकिन इधर तो नाना प्रकार के कारण बताते हुए वे या तो चुनाव से दूर भाग रहे हैं या भाजपा का दामन थाम रहे हैं। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और कांग्रेस के खिलाफ गठजोड़ की पहल करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेसी दिग्गजों की मंशा को पहले ही भांपते हुए इं.डि.या. से किनारा कर लिया और बाकी भी इधर उधर छिटकने की फिराक में हैं।

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की लुटिया डुबवाने वाले स्व. इंदिरा गांधी के तथाकथित तीसरे पुत्र कमलनाथ ही हसरतें अब केवल छिंदवाड़ा में अपने सांसद बेटे नकुलनाथ को जितवाने तक सीमित हैं, जो उनके मुख्यमंत्री रहते बमुश्किल 35 हजार वोटों से मध्यप्रदेश में कांग्रेस की इकलौती सीट जितवा सके थे। कमलनाथ पूरे सूबे के नेता भले ही नहीं बन सके हों लेकिन महाकौशल इलाके की चार सीटों पर तो असर रखते ही हैं। इनमें से कम से कम दो अनारक्षित सीटों जबलपुर और बालाघाट से तो वह चुनाव लड़ ही सकते थे। लेकिन डर साफ झलक रहा है कि जबलपुर,बालाघाट से खुद लडऩे के फेर में कहीं छिंदवाड़ा में अपने बेटे की सीट न गवां बैठें। विधानसभा चुनाव में करारी हार झेल चुके कांग्रेस के युवा तुर्क जीतू पटवारी इंदौर से खुद लडऩे के बजाए दूसरे नेताओं के नाम सुझा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रहे निमाड़ के प्रभावशाली युवा नेता अरूण यादव अपनी कर्मभूमि खंडवा से चुनाव लडऩे के बजाए गुना में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के सामने मुकाबले की दावेदारी पार्टी के सामने जता रहे हैं। यदि धोखे से जीत गए तो बड़े नेता बन जाएंगे नहीं तो शहीद का दर्जा मिलना पक्का। कांग्रेस के सबसे कद्दवर नेता दिग्विजय सिंह दो बार से राज्यसभा के सदस्य हैं। लेकिन पिछले चुनाव में भोपाल से साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोटों के हारने के बाद फिर लोकसभा लडऩे में उनकी कोई रूचि नहीं।



मध्यप्रदेश की ही बात क्यों करें। राजस्थान में न तो हाईकमान की मंशा के बावजूद मुख्यमंत्री बने रहने वाले अशोक गेहलोत लोकसभा चुनाव लडऩे को राजी हैं और न युवा तुर्क सचिन पायलट इसके लिए तैयार हैं। वे कह चुके हैं कि यदि टिकट दिया तो कहीं और प्रचार करने नहीं जाएंगे। अपनी सीट जीतने की कोशिश करेंगे। राजस्थान से सटे पंजाब में राहुल गांधी की जिद के चलते कांग्रेसकी नैया डुबवाने वाले नवजोत सिद्धू ने चुनाव लडऩे के लिए अपनी पत्नी की बीमारी का हवाला देकर चुनाव से पल्लू झाड़ लिया है,लेकिन आईपीएल में कामेंट्री करने में पत्नी की बीमारी आड़े नहीं आ रही।

कांग्रेस की सबसे बड़ी योद्धा सोनिया गांधी ने तो उम्र और बीमारी के नाम पर उप्र में अपनी परंपरागत रायबरेली सीट छोडड़र राजस्थान से राज्यसभा में एंट्री ले ली है। लेकिन अपनी खाली लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी का नाम लेने से वह कतरा रही हैं। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जिस दिन राहुल गांधी यह न कहें कि उन्हें मोदी से डर नहीं लगता, लेकिन अमेठी में पिछ्ला चुनाव हारने के बाद वह अमेठी से फिर ताल ठोकने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। यदि डर नहीं है तो फिर आखिर कौन सी चीज उन्हें अमेठी से लडऩे से रोक रही है? इसके विपरीत यदि उन्हें वाकई नरेंद्र मोदी से डर नहीं लगता तो क्या यह माना जाए कि पार्टी में उनके बाकी साथी कांग्रेसी क्या मोदी से डरकर चुनाव से कतरा रहे हैं? महाराष्ट्र जैसे राज्य में अशोक चव्हाण और मिलिंद देवड़ा, मप्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया और सुरेश पचौरी तथा उप्र में जतिन प्रसाद जैसे नेताओं का कांग्रेस से पलायन छोटी बात नहीं है। इस पर गंभीर चिंतन और मनन की जरूरत है।

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मजबूत विपक्ष की दरकार है। कांग्रेस की सशक्त मौजूदगी के बगैर इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन सबसे हैरत की बात तो यह है कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, लालू की राजद, अखिलेश की समाजवादी पार्टी और केजरीवाल की आप जैसी क्षेत्रीय पार्टियों को मोदी से कोई डर नहीं लग रहा है। वे मोदी और उनकी भाजपा से लडऩे में पीछे नहीं हट रहे। , लेकिन कांग्रेसी दिग्गज अपने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने के बजाए उन्हें हतोत्साहित करने में लगे हैं। राहुल में हौसला है तो देश के मूलपिंड के प्रति समझ में कमी है। ये संकेत देश के लोकतंत्र के लिहाज से शुभ कतई नहीं माने जा सकते।

### सीएम यादव ने भाजपा उम्मीदवार का परचा भरवाया, 6 सीटों पर चुनाव 19 को


# भाजपा की नजर फोकस एरिया पर, विंध्य से कैंपेन की शुरूआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की शुरआत आज से हो गई है। वहीं प्रचार की शुरूआत भी आज भाजपा ने अपने फोकस एरिया विंध्य से की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सीधी पहुंचे हैं, जहां वे जनसभा,रोड शो करेंगे तथा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार राजेश मिश्रा का नामांकन दाखिल करा रहे हैं। खास बात यह भी है कि भाजपा के राज्यसभा सदस्य रहे अजयप्रताप सिंह भी इसी क्षेत्र के हैं जो टिकट न मिलने के कारण हाल में राज्यसभा की सदस्यता छोड़ चुके हैं। दरअसल विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा के हाइकमान से लेकर मप्र के नेताओं ने भी विंध्य में खासी ताकत लगाई थी। जानकारों का कहना है कि विंध्य की सीटों पर जातीय व सामाजिक समीकरणों को साधने के लिये भाजपा ने अंदरखाने कई रणनीति भी तैयार कर रखी हैं। कांग्रेस ने भी यहां से उम्मीदवार तय कर लिये हैं। सीधी से कमलेश्वर पटेल और सतना से सिध्दार्थ कुशवाह उम्मीदवार हैं।

उधर भाजपा नेताओं ने भी दौरे शुरू कर दिये हैं। प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा आज पन्ना का दौरा कर रहे हैं। कोंस नेताओं का प्रचार और दौरा अभी शुरू नहीं हो सका है। वहीं सीधी से दोपहर बाद मुख्यमंत्री डिंडौरी में रानी अवंतिबाई स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात् सभा को संबोधित करेंगे।इसके बाद वे शाम को जबलपुर के बरगी पहुंचकर नयानगर चरगवां में लोधी समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं नयानगर आश्रम में आचार्य समय सागर महाराज से भेंट करेंगे।

## छिंदवाडा समेत 6 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया हुई शुरू



आज से छिंदवाड़ा, जबलपुर, सीधी, शहडोल, मंडला व बालाघाट लोकसभा सीट पर नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन सीटों पर चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशी 27 मार्च को शाम 5 बजे तक नामांकन जमा कर सकेंगे। नामांकनों की जांच 28 मार्च की शाम 5 बजे तक होगी। इच्छुक प्रत्याशी 30 मार्च की शाम तक नामांकन वापस भी ले सकेंगे। 19 अप्रैल को मतदान होगा। ज्ञात हो कि प्रदेश में कुल 4 चरणों में चुनाव होने है। दूसरे चरण की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू होगी और 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। तीसरे चरण की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होगी और 7 मई को वोटिंग होगी। आखिरी और चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा। इसके लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू हो जाएगी।

## नकुलनाथ का नामांकन 26 को,फिर रोड शो



पहले चरण वाली छिंदवाडा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नकुलनाथ 26 मार्च को नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर उनके साथ पिता व पूर्व सीएम कमलनाथ भी होंगे। इसके बाद 27 मार्च को छिंदवाडा में कांग्रेस का बड़ा रोड शो होगा। इसमें नाथ द्वय के साथ ही स्थानीय नेता,विधायक व अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

## स्टार्टअप महाकुंभ में मोदी ने राहुल पर किया तंज



दिल्ली के भारत मंडपम में आज तीन दिनी 'स्टार्टअप महाकुंभ' की शुरुआत के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। यह भारत सरकार की पहल है ताकि देश में स्टार्टअप में निवेश को आकर्षित किया जा सके। मोदी ने कहा कि भारत के स्टार्टअप प्रोग्राम की सफलता दर्शाती है कि युवाओं ने जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर का रास्ता चुना है।मोदी ने अपने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर भी निशाना साधा व कहा कि स्टार्ट-अप तो बहुत लोग लॉन्च करते हैं और राजनीति में तो कुछ ज्यादा ही। बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।

### सेवा, समर्पण और सर्वस्पर्शी विकास की बानगी

# मोहन सरकार के 100 दिन, कई ऊंचाईयों को नापने की शुरूआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिये हैं। भाजपा के शासन के करीब अठारह साल के कालखंड में यादव ऐसा चेहरा हैं जो उस निरंतरता को तोड़ते हैं जो इस कालखंड में रही। इसलिये फैसलों में भी कुछ नयापान और नया सोच नजर आ रहा है। यादव अपने कार्यकाल को सेवा समर्पण और विकास के दिन बताते हैं। इन कामकाज में आध्यात्मिक अभ्युदय् से लेकर शहरों गांवों के विकास, रोजमर्रा के जीवन का समस्याओं से निजात दिलाने की कोशिश तथा प्रशासनिक ढांचे को नयापन देने की कवायदें भी शामिल हैं।



मप की मोहन सरकार ने राम-वन-गमन पथ विकास के लिये न्यास की पहली बैठक का आयोजन, भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों को धार्मिक स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना,प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 में चित्रकूट के घाट पर अध्यात्म का अनुभव परियोजना का भूमिपूजन, गौरवशाली संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत पर केन्द्रित विक्रमोत्सव 2024 का उज्जैन में आयोजन, प्रधानमंत्री द्वारा उज्जैन में विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का शुभारंभ,देवस्थानों के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिये मंत्रीगणों की समिति का गठन, सिंहस्थ महाकुंभ-2028 के कार्यो के लिये 19 विभागों की19 हजार करोड़ की प्रारंभिक कार्ययोजना बनाकर संकेत दे दिये थे कि सरकार के कामकाज में आध्यात्म से लेकर विकास तक की श्रंखला नजर आती रहेगी। उन्होंने पद संभालने के बाद आम जनजीवन से जुडी कठिनाईयों को दूर करने के लिये ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बेलगाम उपयोग पर अंकुश लगाने की शुरूआत की थी।

**मोहन सरकार के फैसले:** इंदौर से उज्जैन, ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग, जबलपुर से चित्रकूट तथा ग्वालियर से ओरछा एवं पीताम्बरा पीठ के लिये हेलीकॉप्टर सेवा, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अयोध्या में आस्था भवन (धर्मशाला) निर्माण, शासकीय कैलेंडर में विक्रम संवत अंकित, देवालयों में लगने वाली सामग्री के निर्माण को कुटीर उद्योग के अंतर्गत प्रोत्साहन, स्व-सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण एवं मंदिरों में सामग्री के स्टॉल लगाए के साथ ही नव वर्ष अर्थात इस चैत्र माह से अगले वर्ष तक गौ-वंश रक्षा वर्ष मनाने व गौशालाओं को प्रति गौ-वंश मिलने वाले 20 की राशि बढ़ाकर 40 करने का निर्णय लिया है। प्रत्येक 50 किलोमीटर पर घायल गायों को इलाज के लिये परिवहन हेतु हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का टोल व्यवस्था के अंतर्गत प्रबंध भी उल्लेखनीय है।

किसानों के लिये 2275 के साथ 125 प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय,किसान सम्मान निधि में 80 लाख से अधिक किसानों को 1816 करोड़ की सहायता, फसल बीमा योजना खरीफ (2023) में 25 लाख से अधिक किसानों को 755 करोड़ के दावों का भुगतान, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को फसल ऋण की सुविधा यह बताती है कि मप्र के लाखों किसानों के लिये सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर फैसले करने और उन्हें किसानों तक पहुंचाने के लिये कमर कसी है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को 4728 करोड़ की सहायता,46 लाख बहनों के खाते में 450 में गैस सिलेंडर की रीफिलिंग के लिए 118 करोड़ की राशि का अंतरण, 2 लाख 45 हजार से अधिक लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को 86 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति,महिला स्व-सहायता समूहों को 9838 करोड़ की ऋण सहायता भी मंजूर की है। शेष पेज 3 पर...

## सैन्य हवाई हमले में 25 रोहिंग्या की मौत



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पश्चिमी म्यांमार में सैन्य हवाई हमले में कुछ बच्चों समेत 25 रोहिंग्या मुस्लिम मारे गए हैं। स्थानीय मीडिया ने इस घटना की जानकारी दी है। हमले पर संयुक्त राष्ट के प्रमुख ने चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, देर रात हुए इस हवाई हमले में रखाइन राज्य में मिनब्या टाउनशिप के उत्तर में स्थित थाडा गांव को निशाना बनाया गया था। इस सैन्य हवाई हमले में कम से कम अन्य 25 लोग घायल भी हुए हैं। सैन्य सरकार ने अब तक इस हमले पर कोई भी प्रतियिा नहीं दी है। वहीं, संयुक्त राष्ट के प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने इस हमले पर दुख जताया है। उन्होंने म्यांमार की बिगड़ती स्थिति और बढ़ते संघर्ष पर चिंता व्यक्त की है। गुटेरेस के उप प्रवक्ता ने कहा कि यूएन प्रमुख सभी प्रकार की हिंसा की निंदा करते हैं।

### सियासी कोचिंग... राजनीति में एक और पीढ़ी के आगमन के संकेत....

# कार्यकर्ताओं के बीच बैठ भाषण सुनती एक खामोश लड़की

**नई दिल्ली/लखनऊ, एजेंसी।**

देश में हिंदी पट्टी के राज्यों की नब्ज माना जाने वाला उत्तरप्रदेश आज के कई बड़े सियासी नेताओं का रन-वे रहा है। जहां से टेक ऑफ करके इन चेहरों ने राष्ट्रीय राजनीति में जगह बना ली है। अब उप्र के मुलायम सिंह घराने की तीसरी पीढी की सदस्य भी राजनीति में आमद देने को तैयार है। उप्र की सियासत में जिस गांव की सबसे ज्यादा चर्चा होती है वो नाम है सैफई तथा इसी गांव के मुलायम परिवार की तीन पीढियां सियासत की कई ऊंचाइयां छू चुकी हैं। अब मुलायम की पोती और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति ने अपनी मां डिंपल के साथ लोगों के बीच आकर राजनीति का ककहरा सीखना शुरू कर दिया है। डिंपल सपा टिकट पर मैनपुरी से चुनाव लड़ रही हैं और सघन प्रचार में जुटी हैं, ऐसे समय में लोगों ने गौर किया है कि डिंपल की सभाओं में भीड़ के बीच बैठकर एक लड़की भाषणों को सुनती है। लोगों को पता चला है कि यह अखिलेश-डिंपल की बेटी ही है। हाल में अदिति की कार्यकर्ताओं के बीच नजर एक फोटो आई। जब उनकी मां डिंपल मंच से भाषण दे रही थीं और य अदिति उन्हें गौर से सुन रही थीं।



**कई परिवारों की है धमक**

भारतीय राजनीति में कई परिवार पीढी दर पीढी राजनीति में सक्रिय रहे हैं। इनमें गांधी परिवार का जिक्र पहले आता है। जहां जवाहरलाल नेहरू,इंदिरा गांधी,राजीव व सोनिया गांधी के बाद अब राहुल व प्रियंका सक्रिय हैं। हरियाणा के चौटाला परिवार में भी देवीलाल, ओमप्रकाश चौटाला,दुष्यंत आदि नाम हैं तो महाराष्ट में शरद पवार,अजित व सुप्रिया हैं। बिहार में पासवान व महाराष्ट्र में ठाकरे परिवार है तमिलनाडु व आंध्रप्रदेश में भी कई परिवार राजनीति में हैं।

हालांकि इस बार समाजवादी पार्टी की ओर से अब तक सैफई फैमिली से चार लोगों को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया है, जिनमें डिंपल यादव के अलावा शिवपाल यादव बदायूं, धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ और अक्षय यादव को फिरोदाबाद से चुनावी मैदान में उतारा गया है। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद अपनी पुरानी सीट कन्नौज से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। करीब पांच दशक पहले सैफई परिवार से मुलायम सिंह यादव 'नेताजी' ने सियासत में कदम रखा था। फिर भाई शिवपाल और रामगोपाल भी राजनीति में आए। इनके बाद दूसरी पीढ़ी यानी अखिलेश की रही। तीसरी पीढ़ी के रूप में तेज प्रताप आए जो मुलायम सिंह द्वारा सीट छोड़ने के बाद मैनपुरी उपचुनाव में जीतकर संसद पहुंचे थे। अब अदिति के नाम की चर्चा है।

# कोलार में सड़क ने पैदा कर दिया जलसंकट, कुछ और संकटों की आहट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के कोलार रोड इलाके में सिक्स लेन सड़क निर्माण यहां रहने वाले हजारों लोगों के लिये जलसंकट की वजह बन गया है। बीते कई महीनों से कोलार इलाके की कालोनियों में बिन बताए जलसंकट दस्तक देता है और लोग पानी के टैंकरों से प्यास बुझाने के लिये दौड़ते हैं। नगर निगम के अफसर अक्सर ही टंकिया न भर पाने का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर देते हैं। बताया जाता है कि कोलाल में सिक्स लेन रोड निर्माण के चलते कई बार खुदाई, नई पाइप लाइन बिछाने या अन्य कार्यो के बीच बिजली सप्लाई भी रोकी जाती है,इसके चलते पानी की सप्लाई प्रभावित होती है। आलम यह है कि अभी भी दो दो दिन पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती। स्थानीय लोगों का कहना है कि महज बीस पच्चीस मिनट पानी आने से जरूरत भी पूरी नहीं हो पा रही है। उल्लेखनीय है कि कोलार की निर्माणाधीन करीब बारह किमी की सड़क के आसपास ही करीब दो सौ कालोनिया सघन रूप से बसी हैं।

## पानी के लिये लंबे समय से परेशान हैं नागरिक



## पूरा इलाका है अस्तव्यस्त

कोलार रोड के इस कायाकल्प से पूरा इलाका ही परेशान है। कई कच्चे पक्के निर्माण भी तोड़े गये हैं। इससे भी निवासियों में आक्रोश है। हालांकि इस सड़क के औचित्य पर भी सवाल उठे हैं। मैनिट के विशेषज्ञ कह चुके हैं कि शहर की सीमा के भीतर छह लेन के निर्माण का ÷कोई तर्क नहीं÷ है क्यंकि शहर की सीमा के भीतर सिक्स-लेन के बारे में कभी नहीं सुना जाता है। भोपाल-इंदौर हाईवे भी सिक्स लेन नहीं है। एक अन्य विशेषज्ञ का कहना है कि छह लेन की सड़कें ज्यादातर राष्टीय और राज्य राजमार्गों को जोड़ने वाली सड़कों के लिए हैं, इस इलाके के निवासियों के लिये कई परेशानियों भी आ सकती हैं, क्योंकि यहां वाहनों की रफ्तार बेहद तेज हो जाएगी। अभी ही यहां डंपर व भारी वाहन दौड रहे हैं। पूरे इलाके में लोग धूल की गुबार से परेशान हैं।

### कलेक्टर-आबकारी अधिकारी को जांच के निर्देश

# स्कूल और अस्पताल के बीच शराब की दुकान से छात्राओं व मरीजों को परेशानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के शाहजहांनाबाद स्थित राम नगर कॉलोनी में मास्टर लाल सिंह अस्पताल और एक स्कूल के बीच अंग्रेजी शराब की दुकान का संचालन होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र विशेष के रहवासियों की सुरक्षा अस्पताल, स्कूल की स्थिति आदि पर उचित विचार कर संचालित शराब की दुकान के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि स्कूल और अस्पताल के पास ही शराब की दुकान होने से छात्राओं और अस्पताल में आने वाले मरीजों को आवागमन करने में परेशान होने पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि शराब की दुकान होने से रोजाना नशेडियों की भीड़ लग जाती है, जिससे पूरे कॉलोनी के लोग परेशान हो रहे है।

**मेन रोड़ की बाउंड्रीवॉल पर शराब की दुकान:** भोपाल शहर के एम्प्री के पास शराब दुकान खोले जाने का मामला सामने आया है। जहां शराब दुकान खोली गई है उसी के पास अस्पताल, कॉलेज और स्कूल भी खुले हुये है। जिस कारण महिलाओं, लडकियों, अस्पताल के मरीजों और छात्र-छात्राओं को आवाजाही करने में कई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले में आयोग ने कलेक्टर व जिला आबकारी अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।



## 12 वर्षीय बच्ची शिक्षा से वंचित

भोपाल जिले में रस्सी पर चलकर करतब दिखाने वाली एक 12 वर्षीय बच्ची को शिक्षा से वंचित होने का मामला सामने आया है। महज 12 साल की उम्र में ही बच्ची को अपना घर चलाने के लिये गली-मोहल्लों में रस्सी पर करतब दिखाना प? रहा है। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर 14 वर्ष से कम बालिकाओं की शिक्षा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये प्रतिवेदन एक माह मे जवाब मांगा है।

## इन मामलों में भी लिया संज्ञान

**आयोग ने मिसरोद इलाके में एक एम्बुलेंस द्वारा एक युवक को टक्कर मारने और एम्बुलेंस की छत पर जाकर फंसने, गांधीनगर थानातंर्गत एक किशोरी छात्रा को कार सवार मनचलों द्वारा छेड़छाड़ करन, बैरसिया थानाक्षेत्र स्थित ग्राम मदनई नलखेड़ा में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की कुएं में शव मिलने, रायसेन रोड़ स्थित सोनागिरी की तरफ जाने वाले हाईवे पर सेंट्रल वर्ज में लगा एक बिजली का खंभा सड़क पर झुकने और केबल नीचे झूलने के मामले में संज्ञान लिया है।**

# भोज विवि में शुरू होंगे 32 आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम

### 23 मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा और 9 पाठ्यक्रम ऑनलाइन होंगे




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा 32 पाठ्यक्रमों को संचालन की अनुशंसा प्राप्त हो गई है। इनमें 23 पाठ्यक्रम मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से तथा 9 पाठ्यक्रम ऑनलाइन मोड से संचालित किए जाएंगे। इनमें अधिकतर प्रबंधन तथा कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित पाठ्यक्रम शामिल हैं। संचालित होने वाले इन पाठ्यक्रमों में एम बी ए तथा एम सी ए पाठ्यक्रम के अलावा डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चैन प्रबंधन, ट्रैवल और टूरिज्म मैनेजमेंट ,ग्रामीण प्रबंधन, जनजातीय प्रबंधन, ऊर्जा प्रबंधन, इवेंट मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर कानून ,डिजाइन थिंकिंग और स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन जैसे विषयों में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा शामिल है। इन पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या भी सीमित होंगी। यह सभी पाठ्यक्रम व्यावसायिक हैं तथा विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगे।

## स्टेम एमबीए मप्र में एक मात्र

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने बताया कि, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव, प्रो. राजीव कुमार के पत्र द्वारा विश्वविद्यालय को इन 32 पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुशंसा प्राप्त हुई है। इन पाठ्यक्रमों में स्टेम एमबीए मप्र में एक मात्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में संचालित होने वाला है। इन पाठ्यक्रमों से मप्र के विद्यार्थियों को प्रबंधन तथा कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों को मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा तथा ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। इससे उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में भी वृद्धि दर्ज होगी।

### न्यायालय ने जुर्माना भी लगाया

# नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य आरोपी को 20 साल जेल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर विभिन्न धाराओं में दो हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला 14वे अपर सत्र न्यायाधीश ( विशेष न्यायालय पॉक्सो ) तृप्ति पाण्डेय की अदालत ने सुनाया है। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक टी.पी. गौतम, रागिनी श्रीवास्तव एवं सरला कहार द्वारा पैरवी की गई है।

## यह है मामला

पीड़ित बालक के माता-पिता एवं पीडित बालक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 दिसंबर 2022 के 3 बजे करीब हमारे बडे बेटे को उल्टी हो रही थी, जब बेटे से कहा कि तुमने कुछ खाया है। तब पीडित बालक ने डरते-डरते बताया कि तीन दिन पहले जब वह नानी के घर पर खेल रहा था, तभी आरोपी ने मोबाइल देने के बहाने से ऊपर बुलाकर उसके साथ गलत काम किया और कहां कि मेरी बात नहीं मानेगा तो मैं टाईल्स काटने वाली गिलेन्डर मशीन से तेरे पैर काट दूंगा। फिर बड़ी मुश्किल से मैं वहां से भगा और तभी उल्टी आ रही है।



**भोपाल।** मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम शक्ति स्वरूपा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सत्य साई महाविद्यालय की छात्रा शिवनंदिनी दुबे ने सत्यम शिवम सुंदरम सहित तीन गीत प्रस्तुत किये । आपका गीत ऐ मेरे वतन के लोगों सुनकर सबकी आँखें भर आई।

## 22 को आएगी अतिथि विद्वान के स्थानांतरण के लिए मेरिट

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग के कॉलेजों में रिक्त पदों के विरुद्ध सेवा देने वाले अतिथि विद्वानों के स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी है। अतिथि विद्वानों द्वारा चॉइस फिलिंग की गई है। कॉलेजों में रिक्त स्थानों के आधार पर 22 मार्च को मेरिट जारी की जाएगी। इसके बाद 23 से 27 मार्च तक ज्वाइन होगी। ज्ञात हो कि पिछली बार नए अभ्यर्थियों के लिए भी लिंक ओपन की गई थी, लेकिन इस बार सिर्फ कार्यरत अतिथि विद्वानों के लिए विभाग ने पत्र जारी किया है।

# बीयू: आरटीआई एक्ट 2005-गुड गवर्नेंस पर हुई एक दिवसीय वर्कशॉप



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय आरटीआई एक्ट 2005 गुड गवर्नेंस पर वर्कशॉप आयोजित की गई। जिसमें छात्रों को आरटीआई एक्ट 2005- गुड गवर्नेंस के बारे में बताया गया। छात्रों को आरटीआई का उपयोग देश के विकास के लिए करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। साथ ही आरटीआई नियमों का पालन करने, किस तरह से जानकारी ली जाए, कौन-कौन सी जानकारी ली जाए इन सब के बारे में बताया। इस प्रोग्राम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया इसमें विभाग की विभागाध्यक्ष, विभाग से व्याख्याता, असिस्टेंट प्रोफेसर सुनील कुमार स्नेही, डॉ प्रीति वाला सोलंकी , गेस्ट फैकल्टी डॉ राजश्री सिंह, नेहा पालीवाल, राम कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# भगवान कला केन्द्र में निशुल्क दृष्टि जांच शिविर आयोजित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने आज अपनी सहयोगी संस्था भगवान कला केन्द्र में निःशुल्क दृष्टि जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में भगवान कला केन्द्र के कुल 127 प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों और उनके परिवारजन, विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों और आसपास के रहवासियों की आंखों के रेफ्रेक्शन की जांच की । शिविर में सेवा सदन के वरिष्ठ ऑप्टोमेट्रिस्ट अजय सिंह ठाकुर और टीम ने रोगियों की आंखों की जांच की ।



जांच में 41 व्यक्तियों की दृष्टि कमजोर पायी गयी । इन सभी को चश्मों के नम्बर लिखकर दिये गये । एक व्यक्ति मोतियाबिंद से पीड़ित था, तीन व्यक्ति अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित थे । नेत्र रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय जाकर अपने नेत्र रोगों का इलाज करवाने का सुझाव दिया गया । नवयुवक परिषद के महासचिव थांवर वरलानी के पहल से भगवान कला केन्द्र में यह शिविर लगाया गया ।

**मेट्रो एंकर** — प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण, चालीसा का पाठ

# संस्कार की शिक्षिकाओं ने सिंधी कविता में भाग लिया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारम्भ किया था। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय हनुमान चालीसा के पाठ के साथ संस्कार विद्यालय में प्री-प्राईमरी की शिक्षिकओं को अंतरराष्टीय सिंधी कविता प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण किए गए।

इस अवसर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय में अंतराष्टीय सिंधी प्रतियोगिता एवं हनुमान चालीसा के शुभ अवसर पर सभी शिक्षिकिओं को बधाई देते हुए कहा कि सिंधी हमारी मातृभाषा है हमें



इसका सम्मान करते हुए इसका प्रचार एवं प्रसार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संतनगर में संस्कार विद्यालय एक मात्र ऐसा विद्यालय है जिसमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सनातन धर्म की ओर अग्रसर किया जाता है। हनुमान चालीसा का पाठ करके बच्चों में विद्या एवं बुद्धि का विकास होता है।

संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने इस अवसर पर सभी प्री-प्राईमरी शिक्षिकाओं को बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

# मप्र में चीतों का दूसरा रहवास गांधी सागर 90 प्रतिशत तैयार, बस नए मेहमानों का इंतजार

## मप्र के कूनो नेशनल पार्क में 26 से बढ़कर 27 का हुआ चीतों का कुनबा, इनमें 13 वयस्क चीते, 14 है शावक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
देश के भीतर मप्र ही ऐसा राज्य होगा, जहां चीतों का दूसरा रहवास स्थल होगा। यह गांधी सागर अभयारण्य के नाम से जाना जाएगा। यहां विदेशी मेहमान चीतों को बसाने की तैयारियां 90 फीसद पूरी हो चुकी है। अर्थात बाड़ा बनाने, सोलर इलेक्ट्रिक तार फेसिंग बनाने, क्वारंटाइन बाड़ा बनाने, चीतलों को शिफ्ट करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने के पाइंट तय करने, अभयारण्य के अंदर कच्ची सड़कें बनाने जैसे काम 90 फीसद से अधिक पूरे हो चुके हैं।

असल में प्रदेश में चीतों का कुनबा 26 से बढकर 27 का हो गया है। लगातार बढ़ रहे कुनबे ने गांधी सागर अभयारण्य में की जाने वाली प्रस्तावित शिफ्टिंग को काफी हद तक आसान बना रही है। इसके पहले कुछ चीतों की मौत हुई थी। शावकों ने भी दम तोड़ा था। तब इन घटनाओं ने प्रबंधन पर सवाल खड़े किए थे लेकिन जैसे-जैसे कूनों का माहौल चीतों को रास आ रहा है यहां शावकों की किलकारी गूंज रही है। हाल ही में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कूनो में एक और शावक के जन्म लेने की पुष्टि की है। इसे मादा चीता गामिनी ने करीब एक सप्ताह पहले जन्म दिया था। पहली बार 8 चीते 17 सितंबर 2022 को मप्र के कूनो नेशनल पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में छोड़े गए थे। ये नामीबिया से लाए गए थे। दूसरे चरण में 18 फरवरी 2023 को 12 चीते छोड़े गये थे। ये दक्षिण अफ्रीका से लाए गए थे। इस तरह 20 चीतों को छोड़ा गया था।



### गांधी सागर अभयारण्य में चल रही तैयारी

वन्यप्राणी विशेषज्ञों की माने तो चीतों का प्रमुख शिकार हिरण व चीतल है। जिनकी संख्या फिलहाल गांधी सागर अभयारण्य में कम है जिसे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रस्तावित प्रोजेक्ट में 1000 हिरण शिफ्ट करने की योजना है जिसमें करीब 400 हिरण लाए जा चुके हैं। चीतलों की शिफ्टिंग भी की जा रही है। चीता प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी ने बताा कि कान्हा नेशनल पार्क, नरसिंहगढ़ और भोपाल से हिरण व चीतल को लाने की मंजूरी पूर्व में ही मिल चुकी है। शिफ्टिंग के कुछ चरण पूरे भी कर लिए हैं। यही नहीं, अभयारण्य के करीब 9 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बाड़ा तैयार कर दिया है। सोलर इलेक्ट्रिक फेंसिंग का काम किया जा रहा है। मुख्य बाड़ा के अलावा भी अलग-अलग क्वारंटाइन बाड़े बनाए जा रहे हैं।

## चुनाव प्रचार में इस्तेमाल चीजों की दर जारी

# बैंड बाजा के साथ किया प्रचार तो उम्मीदवार के खर्च में जुड़ेंगे 7 हजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अब लोकसभा चुनाव में यदि उम्मीदवार ने बैंड बाजों के साथ प्रचार किया तो सात हजार रुपये खर्च में जोड़ दिए जाएंगे। वहीं यदि किसी का प्रचार के दौरान स्पेशल अंजीर मिठाई से मुंह मीठा कराया तो एक हजार रुपये जेब से खर्च हो जाएंगे। जबकि चुनाव के दौरान डीजे से प्रचार-प्रसार पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। आयोग की निर्वाचन शाखा ने चाय, नाश्ता, बैंड, सवारी, पटाखा, मिठाई सहित 400 वस्तुओं की दरें तय की हैं।



बताया जाता है कि इन दरों को जब राजनीतिक दलों के समक्ष रखा गया तो उन्होंने मिठाई की दरों पर असहमति जताई है। जिला निर्वाचन शाखा द्वारा इन दरों की सूची तैयार कर ली गई है। जिसे आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अनुमति के बाद जारी किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के दौरान दो ढोल वाले बुलाने पर प्रतिदिन 1500 रुपये और घोड़ा-गाड़ी बुलाने पर प्रतिदिन 2100 रुपये तय किए गए हैं। इनके अलावा एक कट चाय पांच रुपये, पूड़ी, सब्जी और अचार के 50 रुपये जबकि मीठा लेने पर 16 रुपये अलग से जोड़े जाएंगे। दरअसल चुनावी बैठक में मिठाइयों को लेकर जो दरें तय की गई हैं। उनमे सबसे महंगी स्पेशल अंजीर 1045 रुपये प्रति किलो और स्पेशल काजू कतली 979 रुपये प्रति किलो है। जबकि साधरण काजू कतली 849 रुपये प्रति किलो, सादा बर्फी 460 रुपये,मिल्क केके 484 रुपये प्रतिकिलो की दरें तय की गई हैं।

### बस के देना होंगे चार हजार, पटाखे की दर जारी



चुनाव प्रचार के लिए खाली ई-रिक्शा का उपयोग करने पर प्रतिदिन के हिसाब से एक हजार रुपये, छोटा आटो 1500 रुपये का जोड़े जाएंगे। इसके अलावा 20 सीटर बस के 2500 रुपये, 30 सीटर 3000, 40 सीटर 3500 और 41 सीटर से अधिक वाली बस के 4000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जोड़े जाएंगे। इसमें पेट्रोल और डीजल खर्च अलग से रहेगा।
**आतिशबाजी की दरें-** पटाखा 1000 की लड़ - प्रति नग - 240 रु, पटाखा 100 लड़ - प्रति नग - 80 रुपये, सुतली बम - 6 नग - 200 रुपये, 12 शाट के पटाखे - प्रति नग - 165 रुपये अनार - 6 नग -300 रुपये, ग्रीन पटाखे/ लड़ 24 - प्रति नग - 80 रुपये

### वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन घर से कर चुन सकेंगे वोटिंग का विकल्प



लोकसभा चुनाव में आयोग ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को घर से वोट करने के विकल्प दिए हैं। यह लाभ 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक और 40 फीसद से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को ही मिलेगा। इसके लिए क्षेत्र के बीएलओ को विकल्प का आवेदन करना होगा। उल्लेखनीय है कि मप्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 2.89 लाख वरिष्ठ नागरिक और 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले 5.79 लाख मतदाता है। ये सभी नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के 5 दिन बाद तक बीएलओ को होम घर से वोट डालने के लिए विकल्प आवेदन कर सकेंगे।

# इग्नू के कोर्स में प्रवेश के लिए आज आखिरी तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्तविश्वविद्यालय (इग्नू) के अकादमिक पाठ्यक्रमों प्रवेश के लिए बुधवार को आखिरी तारीख है। इग्नू ने परास्नातक स्तर पर 5 नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। 4 पाठ्यक्रम विज्ञान के है जिसमें जूलॉजी, एंथ्रोपोलॉजी, एनालिटिकल केमिस्ट्री एवं बायो केमिस्ट्री में एमएससी तथा पापुलेशन एंड फैमिली हेल्थ स्टडी में एमए की सुविधा है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक स्तर पर 19 कोर्स भी शुरू किए गए हैं। इसमें चार वर्षीय यूजी कोर्स भी शामिल हैं।



# हाईकोर्ट का फैसला: दो माह में करना होगी प्राथमिक शिक्षा भर्ती

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
दो महीने के अंदर लोक शिक्षण संचालनालय को 1696 पदों पर प्रयोगशाला शिक्षकों की नियुक्ति करना होगी। प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवीण कुमार, सतीश कुमार खटीक, पहलवान अहिरवार, हेमलता और मोना रूघनी ने इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जहां जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच में मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं ने जल्द भर्ती भर्ती की मांग की थी। हाईकोर्ट ने दो माह के अंदर डीपीआई को 1696 पदों पर प्रयोगशाला शिक्षकों की नियुक्ति करने का आदेश दिया है। हालांकि ये पद ट्राइबल विभाग के हैं। उत्तीर्ण संघ संयोजक (अध्यक्ष) मंगल सिंह ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 की प्रथम काउंसलिंग मार्च 2023 में हुई। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के 11098 और ट्राइबल विभाग के 7429 पदों पर भर्ती की गई। इसके बाद दूसरी काउंसलिंग अगस्त 2023 में शुरु हुई। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग के 7500 और ट्राइबल डिपार्टमेंट के 807 पदों के साथ ट्राइबल के ही 1696 प्रयोगशाला शिक्षकों के पदों को शामिल किया गया।



**मेट्रो एंकर** — 23 कोर्स मुक्त, दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से व 9 कोर्स ऑनलाइन मोड से संचालित होंगे

# अब भोज विवि को मिली 32 कोर्स की मान्यता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय को 32 कोर्सों के संचालन की अनुसंशा की गई है। बता दें इनमें 23 कोर्स मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से तथा 9 कोर्स ऑनलाइन मोड से संचालित किए जाएंगे। इनमें अधिकतर प्रबंधन तथा कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित कोर्स शामिल हैं। परिषद की अनुशंसा के बाद आधुनिक और रोजगारोन्मुखी कोर्स शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। संचालित होने वाले इन कोर्सों में एमबीए तथा एमसीए पाठ्यक्रम के अलावा डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चैन प्रबंधन, ट्रैवल और टूरिज्म मैनेजमेंट, ग्रामीण प्रबंधन, जनजातीय प्रबंधन, ऊर्जा प्रबंधन, इवेंट मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर कानून ,डिजाइन थिंकिंग और स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन जैसे विषयों में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा शामिल हैं।




### भोज में सायबर सिक्योरिटी सहित अन्य कोर्स में एडमिशन के लिए 35 हजार ने कराए रजिस्ट्रेशन

भोज ओपन यूनिवर्सिटी में यूजी व पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए प्रक्रिया जारी है। विवि में इस साल सायबर सिक्योरिटी सहित 26 नए कोर्स शुरु किए हैं। इन कोर्स में प्रवेश के लिए अब तक 34 हजार 980 विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इसमें 24 हजार यूजी के एवं 10 हजार 980 अभ्यर्थी पीजी के शामिल हैं। प्रवेश के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 15 मार्च है।
**इन पाठ्यक्रमों में ले सकते हैं प्रवेश:** बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीएड, बीएड सामान्य शिक्षा, विशेष शिक्षा, बीसीए, लाइब्रेरी और इनफार्मेशन साइंस में बैचलर डिग्री, पत्रकारिता में बैचलर डिग्री के साथ-साथ नवीन पाठ्यक्रम बीएससी (साइबर सिक्योरिटी) एवं बीएससी (डेटा साइंस) सायबर सिक्योरिटी में मास्टर डिग्री, एमबीए (सामान्य) और एमबीए (मटेरियल मैनेजमेंट), एमसीए, बीएससी (डेटा साइंस) बीएससी (सायबर सिक्योरिटी) के अलावा स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों मैनेजमेंट लाजिस्टिक एवं सप्लाई चैन, सायबर सिक्योरिटी को भी अनुमोदित किया हैं।

पेज 1 से जारी

## नई सरकार के नए निर्णय

**जनजातीय कल्याण**
- प्रधानमंत्री  द्वारा 170 करोड़ की लागत से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 3000 प्रति बोरा से बढ़कर 4000 हुआ, लगभग 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ
- पीएम जन-मन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल जिलों में 7300 करोड़ की लागत से हो रहे अधोसंरचना कार्य। 11 लाख से अधिक भाई-बहन लाभान्वित
- श्रीअन्न उत्पादन को बड़ावा देने के लिये रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत किसानों को प्रति क्विंटल 1000 का अतिरिक्त प्रोत्साहन
- पीएम जन-मन मिशन में बैगा, भारिया और सहरिया अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिये एक किलोवॉट क्षमता की ऑफ ग्रिड प्रणाली (सोलर+बैटरी) से बिजली पहुंचाने की योजना

**अधोसंरचना विकास**
- 5000 करोड़ की लागत से उज्जैन-जावरा 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे निर्माण का निर्णय
- 10 हजार करोड़ से अधिक लागत की 724 कि.मी. लंबी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- 350 करोड़ की लागत से इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमिपूजन। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर व सतना में बन रहे हैं एलिवेटेड कॉरिडोर
- प्रधानमंत्री जी द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया ग्वालियर एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन का लोकार्पण। 24 हजार 500 करोड़ की अधोसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण
- 33 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 133 रेल ओवर ब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा में 550 से अधिक शहरी ई-बसों के संचालन का निर्णय
- 1540 करोड़ की लागत के भोपाल मेट्रो के 8 नये स्टेशनों का भूमिपूजन
- कायाकल्प अभियान में ड़2500 करोड़ के निवेश से बदल रही है शहरी सड़कों की तस्वीर
- 308 करोड़ की लागत से खरगोन जिले में जलूद ऊर्जा संयंत्र का भूमिपूजन
- ग्वालियर-बेंगलुरू, ग्वालियर-अहमदाबाद और ग्वालियर-दिल्ली-अयोध्या विमान सेवा का शुभारंभ
- जबलपुर में ड़486 करोड़ की लागत से मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के लिये नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति

**जल प्रबंधन**
- 35000 करोड़ लागत की 3.37 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता की पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना स्वीकृत
- 4168 करोड़ की लागत से 1.20 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता की सीतापुर-हनुमना माइक्रो सिंचाई परियोजना को स्वीकृति
- खरगोन जिले में 557 करोड़ से अधिक की पीपरी माईक्रो उद्वहन, बलकवाड़ा माइक्रो उद्वहन, चौण्डी जामुनिया माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाएं तैयार
- शामगड़-सुवासरा, मोहनपुरा तथा आगर-मालवा की कुण्डालिया वृहद सिंचाई परियोजना से 1.39 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता का विस्तार

**स्वास्थ्य**
- पीएमश्री एयर एम्बुलेंस का शुभारंभ। गंभीर बीमार व दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को एयरलिफ्ट से समय पर उपचार सुविधा। आयुष्मान कार्ड धारकों को लाभ
- निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों में उपकरणों के लिये 1200 करोड़ की स्वीकृति
- प्रदेश में 13 नये नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय
- उज्जैन में नये शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण के लिये ड़592 करोड़ की स्वीकृति
- सभी जिला अस्पतालों में शव वाहन की व्यवस्था
- सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, मंडला, बालाघाट, श्योपुर एवं खजुराहो में नये आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय

**शिक्षा एवं युवा कल्याण**
- प्रत्येक जिले में एक शासकीय महाविद्यालय का पी.एम. उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय एवं खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शुभारंभ
- आईआईटी इंदौर के सहयोग से उज्जैन में देश के पहले शोध-आधारित नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभवात्मक विद्यार्जन केन्द्र का लोकार्पण
- शासकीय नौकरियों के लिये चयनित लगभग 10 हजार उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदाय
- प्रदेश के स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिये ड़50 हजार से लेकर ड़ 1.5 लाख तक वित्तीय सहायता का प्रावधान
- राज्य स्तरीय रोड़गार दिवस के अवसर पर 7 लाख युवाओं को ड़5 हजार करोड़ का स्व-रोड़गार ऋण वितरित
- शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों को छठवें वेतनमान स्कीम के अनुरूप अकादमिक ग्रेड-पे दिए जाने का निर्णय
- विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की अंकसूची एवं उपाधियों को डिजी लॉकर में अपलोड करने की व्यवस्था
- आगर-मालवा में नया विधि महाविद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय
- शिक्षा में गुणवत्ता के लिये भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, रीवा के 6 विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना
- उच्च शिक्षा के सकल नामांकन अनुपात में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय औसत से अग्रणी
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मप्र
- व्यावसायिक शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा का एकीकरण कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं के आधार पर 35 व्यावसायिक विषयों का पाठ्यक्रम में समावेश

**उद्योग एवं निवेश**
- औद्योगिक विकास को तेज करने के उद्देश्य से उज्जैन में दो दिवसीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का सफल आयोजन
- कॉन्क्लेव में 283 इकाइयों को 508 हेक्टेयर भूमि का आवंटन। इन इकाइयों द्वारा ड़12 हजार 170 करोड़ से अधिक का निवेश। 20 हजार से अधिक लोगों को मिलेंगे रोड़गार के अवसर
- 10 हजार करोड़ से अधिक लागत की 61 से अधिक उद्योग इकाइयों का शुभारंभ, 17 हजार से अधिक रोड़गार सृजन की संभावना
- 1 लाख करोड़ से अधिक के मिले निवेश प्रस्ताव
- कॉन्क्लेव में कुल 12 देशों और 650 से अधिक औद्योगिक निवेशकों द्वारा भागीदारी। 4000 से अधिक डेलिगेट्स ने लिया भाग, 2100 से अधिक बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें
- प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन का निर्णय
- ग्वालियर व्यापार मेला की तर्ज पर उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला प्रारंभ। 2300 करोड़ के कारोबार का अनुमान

**जनोन्मुखी प्रशासन**
- लाउड स्पीकर के अनियंत्रित एवं अनियमित प्रयोग पर प्रतिबंध
- प्रदेश में खुले में मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित
- प्रशासनिक संवेदनहीनता तथा लापरवाही पर कठोर कार्यवाही
- जनहितैषी विषयों पर त्वरित निर्णय- बीआरटीएस हटाने का फैसला
- प्रधानमंत्री द्वारा सायबर तहसील परियोजना का सभी 55 जिलों में शुभारंभ

## सुविचार

``क्यों डरें ज़िन्दगी में क्या होगा कुछ ना होगा तो तज़रूबा होगा ''
-अज्ञात

## संपादकीय

# चुनाव से फिर दूर एक राज्य

लोकसभा चुनाव के साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा के चुनाव भी कराए जा रहे हैं। मगर जिस राज्य के लिये उम्मीद की जा रही थी कि लोकसभा चुनावों के साथ वहा विस चुनाव होंगे, वहां और इंतजार की मजबूरी आ गई है। यह राज्य जम्मू-कश्मीर है। करीब ढाई महीने तक चलने वाली चुनाव प्रक्रिया के बीच जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए गुंजाइश नहीं निकाली जा सकी। गौरतलब है कि लोकसभा के साथ ओड़िशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश विधानसभाओं के लिए भी मतदान होंगे। यानी इन चार राज्यों में दो स्तर पर एक साथ चुनाव होंगे। हैरानी की बात है कि जम्मू-कश्मीर के हालात का हवाला देकर वहां फिलहाल विधानसभा के चुनाव न कराने की बात कही गई। जबकि राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से लोकसभा के साथ विधानसभा के लिए भी मतदान कराने की मांग की थी। मगर इस मसले पर चुनाव आयोग का साफ कहना था कि हमने राज्य की स्थिति को देखते हुए एक साथ चुनाव न कराने का फैसला किया। आयोग ने सुरक्षाबलों की तैनाती और चुनौतियों की भी बात कही और बताया कि इसमें कुछ कठिनाईयां आ सकती थीं। अब संभव है कि जम्मू-कश्मीर के हालात को लेकर चुनाव आयोग का अपना आकलन हो, मगर राज्य की पार्टियों ने जिस तरह इस पर सवाल उठाए हैं, वह भी गौरतलब है। मसलन, नेशनल कांफ्रेंस ने कहा है कि अगर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को इसका कारण बताया जा रहा है तो ऐसा कैसे हो सकता है कि संसदीय चुनावों के लिए हालात सही हैं, मगर राज्य चुनावों की खातिर सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं है। दूसरी ओर, सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से फिलहाल संवेदनशील हालात से गुजर रहे मणिपुर में भी चुनाव कराने की घोषणा हुई है। दूसरी ओर पिछले कुछ समय से छिटपुट घटनाओं के अलावा जम्मू-कश्मीर में आमतौर पर स्थिति में सुधार देखा गया है। वहां कुछ बड़े आयोजन भी हो चुके हैं। इसके अलावा वहां परिसीमन से लेकर अन्य स्तर पर जो तकनीकी व्यवस्थाएं की जानी थीं, वे भी हो चुकी हैं। ऐसे में अन्य चार राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराने की गुंजाइश निकाली जा सकती थी। जम्मू-कश्मीर देश का एक अहम हिस्सा है और उसे भी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय हिस्सा लेने का हक है। कश्मीर के लोगों ने इसके लिये बहुत इंतजार किया है और कई तरह के प्रयोगों व इम्तिहानों से भी गुजरे हैं। बीते दो दशक इस राज्य के लिये बहुत कठिन रहे हैं। अब यदि सरकार व हालात इशारा करता हैं कि हालात सुधरे हैं तो लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव भी करा लिये जाने थे। दरअसल वहां वहां संपूर्ण लोकतंत्र की बहाली के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है, जिसमें राज्य की 114 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कराया जाना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां के लिये कुछ समय पहले सरकार ने कहा भी था कि हम चुनाव कराने के लिये तैयार हैं। वैसे भी केंद्रशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में नए परिसीमन को इसी साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिलने के साथ ही विधान सभा चुनावों की राह में पड़ा एक और रोड़ा साफ हो गया था।

## आज का इतिहास

- 1349 - जर्मनी के एरफर्ट शहर में हुए ब्लेक डेथ दंगों में हजारों यहूदियों का कत्ल।
- 1413 - हेनरी पंचम इंग्लैंड के राजा बने।
- 1768 - महान फ्रांसीसी गणितज्ञ जोसेफ फोर्ये का जन्म।
- 1791 - ब्रिटिश सेना ने टीपू सुल्तान को हराकर तत्कालीन बैंगलोर पर कब्ज़ा किया।
- 1804 - नेपोलियन संहिता को फ्रांसीसी नागरिक कानून के रूप में अपनाया गया था।
- 1844 - बहाई कैलेंडर पेश किया गया।
- 1857 - जापान की राजधानी टोक्यो में आए विनाशकारी भूकंप में लगभग 170,000 लोग मारे गए।
- 1859 - स्कॉटलैंड नेशनल गैलरी एडिनबर्ग में खोली गई।
- 1887 - बम्बई में प्रार्थना समाज की स्थापना।
- 1906 - थाई रेशम उद्योग को बचाने वाले अमेरिकी व्यवसायी जिम थॉमसन का जन्म हुआ।
- 1916 - प्रसिद्ध शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान का जन्म हुआ।
- 1919 - हंगरी गणराज्य की स्थापना।
- 1940 - पॉल रियानाड फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
- 1975 - इथियोपिया में तीन हजार वर्षों के बाद राजशाही समाप्त हुई।
- 1978 - बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का जन्म हुआ।
- 1990 - नाम्बिया ने दक्षिण अफ्रीका से स्वतंत्रता प्राप्त की।
- 2000 - गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।
- 2010 - अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत के गेरेश में एक आत्मघाती बम विस्फोट में दस लोग मारे गए और सात घायल हो गए।
- 2012 - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस घोषित किया।
- 2013 - ऑस्ट्रेसिया के प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड ने औपचारिक रु से उन लोगों माफी मांगी जो 1950 से 1970 के दशक ममें जबरन गोद लेने से प्रभावित थे।
- 2014 - अमेरा के अभिनेता जेम्स रीभोर्न का निधन।

## निशाना

### दमघोंटू वातावरण !



– कृष्णेन्द्र राय

हवा हुई जहरीली ।
होगा रखना ध्यान ।।
संयम सावधानी से ही ।
हो सकता कल्याण ।।
दमघोंटू वातावरण ।
है अचानक छाया ।।
गंदगी का फिर से ।
दिख रहा है साया ।।
हल्ला गुल्ला करके बंद ।
है करना प्रहार ।।
स्वच्छ हवा ही सबका ।
जन्मसिद्ध अधिकार ।।
जो भी जिम्मेदार हैं ।
हो अब कार्रवाई ।।
ना हुआ नियंत्रण तो ।
होगी जगहंसाई ।।

# अपनी स्वतंत्रता का चुनाव करें, क्या हम 'केंद्रीयवाद' की तरफ बढ़ रहे हैं

■ पी. चिदंबरम



अगर आदर्श रूप से देखें, तो किसी देश की सरकार चुनने के लिए चुनाव, दरअसल एक सामान्य राष्ट्रीय उद्देश्य या उद्देश्यों के लिए लोगों को एकजुट करने के लिए होना चाहिए। लोग ए। लोग भले ही अपने वोट पार्टी 'ए' या फिर 'बी' और या फिर कई पार्टियों में बांट कर दें, लेकिन उद्देश्य समान होना चाहिए। वोटों का यह विभाजन स्वाभाविक और स्वस्थ है और यह कोई स्थायी बिगाड़ पैदा नहीं करेगा। भारत में शुरुआती कुछ चुनाव असंतुलित थे। कांग्रेस अकेला संगठित दल था। जवाहरलाल नेहरू एक महान नेता थे। उस वक्त कांग्रेस के प्रतिरोध में कुछ ही आवाजे थीं। दो समान ताकत वाले प्रतिद्वंद्वियों के बीच पहला वास्तविक चुनाव 1977 में हुआ। आपातकाल के बाद की परिस्थितियों में जयप्रकाश नारायण विपक्षी दलों को एक छतरी के नीचे लाए। जनता पार्टी की जीत निर्णायक थी, लेकिन इसने भारतीयों को बांट दिया। उत्तरी राज्यों ने एक तरह से, तो दक्षिणी राज्यों ने दूसरी तरह से मतदान किया। उत्तर और दक्षिण का यह विभाजन 1977 से कायम है। कुछ अपवादों के साथ बाद के चुनावों में भी उत्तर और दक्षिण के मतदान के तरीकों में फर्क रहा। हिंदी भाषी और हिंदी जानने वाले उत्तरी राज्यों में प्रमुख प्रतिद्वंद्विता कांग्रेस और भाजपा में रही। धीरे-धीरे, लेकिन मजबूती के साथ भाजपा यहां कांग्रेस से आगे निकल गई। लेकिन दक्षिण राज्यों की स्थितियां अलग थीं। 1977 के बाद हुए चुनावों में यहां के क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस को चुनौती दी। तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक, आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम और वाईएसआरसीपी, तेलंगाना में टीआरएस, कर्नाटक में जद (एस) और केरल में कम्युनिस्ट के नेतृत्व वाला एलडीएफ। भाजपा इस भीड़ भरी लड़ाई में घुसपैठ नहीं कर सकी। हालांकि कर्नाटक में उसने ऐसा किया, लेकिन नतीजे मिले-जुले ही रहे।

क्षेत्रीय दलों की सफलता ने उत्तर और दक्षिण के बीच दूरियां बढ़ा दी हैं। दरअसल, दक्षिणी राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियां भाजपा को लेकर बेहद सशंकित हैं। भाजपा को हिंदी, हिंदू और हिंदुत्व की पार्टी के रूप में चित्रित करने में कांग्रेस से ज्यादा बड़ी भूमिका इन्हीं क्षेत्रीय दलों की रही है। क्षेत्रीय भाषा पर अभिमान, सभी धार्मिक समूहों की स्वीकार्यता और समाज सुधारकों की विरासत ने दक्षिणी राज्यों के लिए एक अलग रास्ता तय किया है। राजस्व के हस्तांतरण में कथित भेदभाव, क्षेत्रीय भाषाओं पर हिंदी का प्रभुत्व और भोजन, वस्त्र, संस्कृति इंत्यादि मामलों में मान्यताओं के एक सेट को बढ़ावा देने से दक्षिणी राज्यों का संशय और गहराता है। इसके अलावा, भाजपा ने राज्यों की स्वायत्तता को कम करने वाले कई कानून बनाकर केंद्र-राज्य संबंधों में 'केंद्रवाद' का जहर भी घोला है। भाजपा ने कानूनों को हथियार बनाकर क्षेत्रीय दलों को कमजोर बनाने और उन पर काबू रखने के लिए खुलेआम उनका इस्तेमाल भी किया है। नतीजा, उत्तर और दक्षिण के बीच की दूरी दुर्भाग्यवश और बढ़ गई है।

एजेंडा खुल चुका है-कांग्रेस के प्रति भाजपा का दृष्टिकोण तो स्पष्ट है। वह कांग्रेस-मुक्त भारत चाहती है यानी ऐसा भारत जिसमें कांग्रेस का एक पार्टी के तौर पर अस्तित्व ही न हो। लेकिन गैर-कांग्रेसी दलों के प्रति भी उसका रवैया यहीं है। ऐसा महूसस होतां है कि वह कुछ समय के लिए किसी क्ष्नेत्रीय पार्टी के साथ गठबंधन भले कर ले, लेकिन उसका अंतिम उद्देश्य उस पार्टी को खत्म करना ही है। जनता पार्टी, अकाली दल, आईएनएलडी, बसपा और जद (एस) सभी इसके उदाहरण हैं। इसने देश के उत्तरी-पूर्वी राज्यों की क्षेत्रीय पहचान एकदम खत्म कर दी है। एक समय पर इसने टीएमसी, वाईआरएससीपी और टीआरएस से दोस्ती की थी, लेकिन उसका लक्ष्य क्रमशः पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से उन्हें खत्म करना था और है भी। महाराष्ट, ओडिशा और हरियाणा में भी लक्ष्य एक ही है। द्रमुक और अन्नाद्रमुक समय रहते जाग गए। शिवसेना, एनसीपी और जजपा देर से जागे। जल्द ही आएलडी, बीजेडी और टीडीपी को एहसास हो जाएगा कि अगर भाजपा केंद्र में मजबूत होती है, तो उनका क्या होगा।

भाजपा अपने मूल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए लोगों से पार्टी को 370 सीटें देने के लिए कह रही है। हालांकि इसका हिंदुत्व अभियान अयोध्या और काशी तक सीमित नहीं रहने वाला। हिंदू मंदिरों के पास और मस्जिदों पर विवाद खड़ा किया जाएगा। ज्यादा शहरों और सड़कों का नाम बदला जाएगा। नागरिकता संशोधन कानून, 2019 बीती 11 मार्च, 2024 की अधिसूचना के साथ जारी हुआ है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का जो प्रयोग किया गया, उसे दोहराते हुए संसद में कानून पारित किया जाएगा। संविधान में संशोधन करके एक राष्ट एक चुनाव के विचार को कानून बनाया जाएगा। संघीय मूल्य और संसदीय लोकतंत्र कमजोर होता जाएगा और देश राष्टपतीय शासन प्रणाली के नजदीक पहुंच जाएगा, जिसमें सभी शक्तियां एक ही आदमी में केंद्रित होंगी। दुर्भाग्य से बहुत से लोग केंद्रीयवाद का स्वागत करेंगे, क्योंकि सच्चे लोकतांत्रिक मूल्यों को हमारे परिवारिक, सामाजिक और राजनीतिक ढांचे में पूरी तरह से आत्मसात नहीं किया गया है। विकास के नाम पर हम अमीरों को ज्यादा अमीर होते देखेंगे और निचले 50 फीसदी लोगों से कहेंगे कि वे कुल संपत्ति के तीन फीसदी और राष्टीय आय के तेरह फीसदी हिस्से से संतुष्ट रहें। सामाजिक व सांस्कृतिक पराधीनता व उत्पीड़न जारी रहेगा। आर्थिक विषमताएं अधिक बढ़ेंगी।

**भाजपा अपने मूल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए लोगों से पार्टी को 370 सीटें देने के लिए कह रही है। हालांकि इसका हिंदुत्व अभियान अयोध्या और काशी तक सीमित नहीं रहने वाला। हिंदू मंदिरों के पास और मस्जिदों पर विवाद खड़ा किया जाएगा।**

इतिहास से सीखें-ये कोई कल्पित डरावनी कहानी नहीं है। इतिहास हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता व विकास सुनिश्चित करने के लिए समय- समय पर शासन को बदलना जरूरी होता है। यूरोप और अमेरिका में भी ऐसा ही होता है। दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के देशों ने यह सबक नहीं सीखा, तो आज सत्तावादी सरकारों से पीड़ति हैं। भारत में हमने सबक तो सीखे थे, लेकिन महसूस होता है कि हम उन्हें भूल चुके हैं। चीन, रूस, तुर्की और ईरान के उदाहरण सामने हैं। पूरी दुनिया भारत के चुनावों पर नजर रखे है।

**साभार लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्रीहैं, यह उनके विचार हैं**

# देश की खुशहाली के सूचकांक में भी हो वृद्धि

## आर्थिक तरक्की के दावे

■ सुरेश सेठ



हम पांचवीं आर्थिक महाशक्ति से तीसरी और फिर दुनिया की पहली आर्थिक महाशक्ति 2047 तक बनने का सपना भी संजोए हैं। खबर है कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर पांच वर्ष तक चीन से तेज रहेगी। 2028 तक 8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर भारत हासिल कर सकता है। यह बात अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कही है। भारत ने विश्वव्यापी आर्थिक मंदी को छका दिया। देखते ही देखते भारत न केवल डिजिटल हो गया बल्कि इंटरनेट की ताकत में उसका कोई जवाब नहीं। वे दिन गए जब भारत को अल्पविकसित देश मानकर उपेक्षित कर दिया जाता था। आज भारत उच्च मध्यवर्ग की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

साक्ष्य के लिए कहा जाता है कि पिछले एक-दो साल के लोगों का उपभोग तेवर देख लीजिए। सबसे अधिक खरीदारी बड़ी कारों और बड़े फ्लैटों की हो रही है। चाहे इसके बरक्स देश की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए मांग कम प्राप्त हो रही है। शायद इसका कारण यह है कि देश की बहुत बड़ी आबादी जीवन निर्वाह से भी निचले स्तर पर जीती है और महंगाई की वजह से वह अधिक मांग करने के काबिल नहीं। लेकिन निजी क्षेत्र की अभूतपूर्व तरक्की के कारण सारी मांग उच्च मध्यवर्ग की वस्तुओं पर केन्द्रित हो गई है। हमारे विचार में यह एक असंतुलित मांग का पैमाना है। लेकिन इस कृषि प्रधान देश में कृषि की विकास दर उत्साहजनक नहीं है। इसके अलावा मूलभूत आर्थिक ढांचे के विकास के लिए बुनियादी उद्योगों के विकास की जरूरत होती है। नये आंकड़े बता रहे हैं कि बुनियादी उद्योगों की तरक्की में वह चमक नजर नहीं आ रही है जो स्थाई रूप से विकसित एक देश में होनी चाहिए। हम जो भी तरक्की देख रहे हैं, उसके मूल में तीन क्षेत्र हैं-सेवा क्षेत्र, पर्यटन क्षेत्र और इसके अतिरिक्त आईटी सॉफ्टवेयर क्षेत्र। लेकिन वहां तरक्की के आसार नहीं बल्कि छंटनी के अवसर पैदा हो रहे हैं। और सेवा क्षेत्र में भी सुस्ती नजर आ रही है। जबकि सेवा क्षेत्र से ही हमें मिलता है रोजगार। बार-बार घोषणा करने के बावजूद हम अपने देश में लघु और कुटीर उद्योगों का विकास नहीं कर पाए जो कि रोजगारपरक उद्योग होते हैं।इसके साथ ही हम खेतीबाड़ी को फसलों के फिनिश प्रोडक्ट्स यानी विनिर्माण उद्योग के साथ भी जोड़कर कस्बों में एक नई औद्योगिक दुनिया नहीं बसा पाए, जो छोटे उद्योगपतियों की दुनिया हो और बहुत लोगों को रोजगार दे। अब सेवा क्षेत्र की यह सुस्ती खेतीबाड़ी में अपेक्षित वृद्धि का न होना और बुनियादी उद्योगों के विकास में चमक का अभाव किसी आसन्न संकट की ओर इशारा भी कर सकता है कि यह 8 प्रतिशत विकास दर स्थायी नहीं। कहा जा रहा है कि हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर कर दिया। यह भी कहा जा रहा है कि बेरोजगारी का आंकड़ा कम होकर 3.1 प्रतिशत पर आ गया है लेकिन नई शिक्षा प्राप्त युवकों को सेवा क्षेत्र और आईटी क्षेत्र में छंटनी का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग क्षेत्र का प्रदर्शन भी इस वर्ष की तीसरी तिमाही में उत्साहजनक नहीं। यदि देश के मूल धंधे कृषि में अपेक्षित विकास प्राप्त नहीं कर पाते, उद्योगों में वह तरक्की नहीं मिलती कि जो बेकारों को रोजागर दे सके। आज भी भारत आयात आधारित अर्थव्यवस्था है, निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था नहीं बन पाया। इसलिए जरूरी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की आर्थिक प्रवृत्ति की पहचान की जाए। यह समझा जाए कि हमारा मूल धंधा खेतीबाड़ी है। आज भी देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या खेतीबाड़ी में लगी हुई है लेकिन सकल घरेलू उत्पादन या जी.डी.पी. में इसका योगदान घटकर केवल 17 प्रतिशत क्यों हो गया, यह बात सोचने योग्य है। इसका कारण यह है कि आज भी जोतें 2 एकड़ से नीचे और अनार्थिक हैं। हमने सहकारी खेती का वह मूलमंत्र अभी तक सीखा नहीं, जिसने इसराइल में कायाकल्प कर दिया था। सवाल है श्रमशक्ति का उचित इस्तेमाल देश में क्यों नहीं होता? क्यों इस श्रमशक्ति का एक बड़ा हिस्सा विदेशों में पलायन को विवश है।



**साक्ष्य के लिए कहा जाता है कि पिछले एक-दो साल के लोगों का उपभोग तेवर देख लीजिए। सबसे अधिक खरीदारी बड़ी कारों और बड़े फ्लैटों की हो रही है। चाहे इसके बरक्स देश की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए मांग कम प्राप्त हो रही है।**

जरूरत देश को अपनी प्राथमिकताएं बदलने की हैं। केवल आर्थिक विकास दर के ऊंचा होने के परिणाम ही देश के जन-जन का संकट नहीं हरेंगे। यहां खेतीबाड़ी और छोटे उद्योगों को भी पूरा प्रोत्साहन देना होगा। खेती के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं हुआ। किसान फसलचक्र की गुलामी से निजात नहीं पा सका और फसलों का विविधीकरण उसके लिए अभी तक लाभप्रद नहीं। इसीलिए किसान अपनी जमीन से उखड़ता जा रहा है। उद्योग-धंधे या हमारे निवेशक वह प्रतिदान नहीं कर पा रहे जिसकी उम्मीद किसी भी विकासशील देश को होनी चाहिए। देश की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा पीढ़ी है। देश की आधी जनसंख्या युवा है। इसे असमय बूढ़ा न होने दिया जाए। सबको यथोचित काम-धंधे का प्रबंध ही हमारी आर्थिक नीति की वह प्राथमिकता होगी, जिसे अपनाने के बाद हम खुशहाली के सूचकांक में वास्तव में दो कदम आगे बढ़ जाएंगे।

**- साभार**

### शत प्रतिशत मतदान के लिए बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अधीनस्थ अमलो को दिये निर्देश

# नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के तहत ग्राम पंचायत एवं तहसील स्तर पर क्या तैयारी की जा रही है, उसका निरीक्षण करने माखन नगर का भ्रमण किया। कलेक्टर ने जांच नाका, चेक पोस्ट आंचल खेड़ा एवं नसीराबाद का निरीक्षण किया। तैनात अमले से आमने-सामने चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। इसी कड़ी में कलेक्टर ने आंचल खेड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक 91, 92, 93, ग्राम समौन के मतदान केंद्र 61, 62 ग्राम गनेरा के मतदान केंद्र क्रमांक 17, 18 का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। जहां कमी पाई गई वहां पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम कुठारिया में राष्टीय सेवा योजना के तहत मतदाता जागरूकता प्रचार कार्य एनएसएस छात्राओं से भेंट की एवं उनके द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए किया जा रहे नुक्कड़ नाटक एवं गीत का अवलोकन किया और उनकी भरपूर सराहना की। माखन नगर में भी कलेक्टर ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे हैं कार्यक्रमों का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने सबसे पहले आंचल खेड़ा में स्थापित किए गए जांच नाका, चेक पोस्ट का निरीक्षण किया उन्होंने रजिस्टर चेक किया, रजिस्टर में एंट्री की जा रही गाड़ियों का आगमन देखा और निर्देश दिए कि चेक पोस्ट पर कार्यरत सभी लोगों के पहचान पत्र बनाए जाएं। बताया गया कि यहां पर पटवारी, कोटवार, सेक्टर पुलिस अधिकारी, आर आई की ड्यूटी लगाई गई है जो आने जाने वाले वाहनों की लगातार चेकिंग कर रहे हैं । चेक पोस्ट 24 घंटे कार्यरत है। अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु वाहनों से प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की चेकिंग के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों का एक प्रपत्र बनाकर रखें और नाके पर वेब कास्टिंग की जाए और जब भी वाहनों की चेकिंग हो तो वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाए। कलेक्टर ने आंचल खेड़ा के मतदान केंद्र 92 जो की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित था का अवलोकन किया उन्होंने संबंधित अधिकारी को मतदान के दिन परिसर में टेंट लगाने एवं शौचालय को रनिंग कंडीशन में लाने के निर्देश दिए. बताया गया कि यहां पर कुल 1031 मतदाता हैं जिनमें 546 पुरुष एवं 485 महिला मतदाता है। बताया गया कि यहां पर घर-घर सर्वे कर लिया गया है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रत्यक्ष संपर्क करके सभी को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं स्वीप की गतिविधियां विशेष तौर पर चलाई जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की विगत विधानसभा चुनाव में जहां 85 प्रतिशत मतदान हुआ था वहां और मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने शत प्रतिशत मतदान कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम कुठारिया में राष्टीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं से भेंट किया। छात्राओं का सात दिवसीय आवासीय शिविर लगा है। छात्राएं स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम नुक्कड़ नाटकों एवं गीतों के माध्यम से आम जनता तक पहुंचा रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर ने छात्राओं से पूछा कि वे मतदाताओं को किस तरह मतदान के लिए प्रेरित कर रही है। छात्राओं ने बताया कि हम उन्हें हर एक वोट का महत्व समझाते हैं और यह बताते हैं कि आपके एक वोट से सरकार बनेगी जो आपके लिए योजनाएं एवं रोजगार लेकर आएंगी। अगर अपने मतदान नहीं किया तो हो सकता है कि आपकी पसंद का जनप्रतिनिधि नहीं चुना जाए। कलेक्टर ने उनसे सवाल किया कि क्या धूप में भी लोग मतदान करने के लिए आएंगे यदि वे आनाकानी करते हैं तो आप कैसे उन्हें समझाएंगे। छात्रा शिखा ने बताया कि धूप में भी जब हम खाना खा सकते हैं, घर के सारे काम कर सकते हैं। तो मतदान करने के लिए क्यों नहीं आ सकते। हम यही चीज आम लोगों को समझाते हैं। राष्टीय सेवा योजना इकाई के तहत माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखन नगर की छात्राएं एवं आसपास की छात्राएं लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। छात्राओं ने कलेक्टर को बैच भी लगाया। स्वीप के अंतर्गत किए जा रहे हैं भाषण, रंगोली, मेहंदी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रोफेसर अनीता साहू एवं प्राचार्य नीता चौबे ने किए जा रहे कार्यों का ब्योरा दिया। कलेक्टर ने कहा कि सभी छात्राओं में अभूतपूर्व जोश है यह जोश बना रहना चाहिए। इस जोश का उपयोग युवा मतदाता मतदान में अवश्य करें। 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाता को विशेष रूप से घर से मतदान करने की सुविधा है। छात्राएं उनके बीच जाकर उन्हें मोटिवेट करें।कलेक्टर ने जांच नाका, चेक पोस्ट नसीराबाद का भी निरीक्षण किया । बताया गया कि उक्त जांच नाका से प्रतिदिन विदिशा सीहोर बाबई पिपरिया से गाड़ी आती और जाती है। यहां उन्होंने सभी कर्मचारियों के परिचय पत्र बनाने के निर्देश दिए। कर्मचारियों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

### नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन का अवलोकन किया

कलेक्टर ने नगर परिषद माखन नगर के तत्वाधान में तहसील परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन का अवलोकन किया। तत्पश्चात कलेक्टर शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल माखन नगर पहुंची, यहां पर उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 83 और 84 का निरीक्षण किया। बताया गया कि मतदान केंद्र क्रमांक 83 क्रिटिकल मतदान केंद्र है। कलेक्टर यहां पर सभी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे यहां पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाए। गांव की महिलाओं ने भी बताया कि वह भी लोगों को जागरूक कर रही है। बृजेश त्रिवेदी ने मतदान को लेकर कविता सुनाई। कलेक्टर ने बृजेश त्रिवेदी को ब्रांड एंबेसडर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्राम समौन पहुंचकर कलेक्टर ने मतदान केंद्र क्रमांक 61 का निरीक्षण किया। दिव्यांग एवं महिला प्रसाधन में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम गनेरा में उन्होंने शासकीय एकीकृत विद्यालय के मतदान केंद्र क्रमांक 17 और 18 का निरीक्षण किया। यहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध थी। केवल पानी की समस्या थी। कलेक्टर ने पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और कहां की एसडीएम दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाएं जहां पर केवल दिव्यांग कर्मचारी ही ड्यूटी करें। इसके लिए प्रॉपर तरीके से उनकी ट्रेनिंग भी हो जाए।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अमले ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

अनुविभागीय दंडाधिकारी टी. प्रतीक राव के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा शिशुपाल सिंह चौहान/ भारती फास्ट फूड कैटरर्स से खाद्य तेल एवं मैदा के नमूने एवं आरपी कैटर्स/राजेंद्र बघेल से चावल के 02 नमूने, मैदा, नमक, काबुली चना के नमूने लिए गए। उक्त परिसर दिनांक 5 मार्च 2024 को मौके पर खाद्य व्यवसाय संचालक नहीं पाए जाने, अत्यधिक गंदगी एवं खाद्य लाइसेंस संबंधी अनियमितताएं पाए जाने के कारण बंद कराए गए थे। इसके संबंध में संबंधित खाद्य व्यवसायियों द्वारा खाद्य लाइसेंस एवं परिसर खोलने के लिए आवेदन किया गया था।

उक्त अनियमितताओं के चलते खाद्य व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उक्त कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार आरक्षक थाना इटारसी जितेंद्र शेषकर उपस्थित रहे।

# बीयू ने जारी की एनईपी स्नातक स्तर के परीक्षा फॉर्म की अधिसूचना

### नर्मदा कॉलेज में परीक्षा आवेदन जमा करना प्रारंभ

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

नर्मदा कॉलेज में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक स्तर के बीए बीएससी बीकॉम बी सी ए के परीक्षा फॉर्म कल 19 मार्च से भरना प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में स्टाफ काउंसिल की बैठक की गई थी



जिसमें प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने जानकारी दी की बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय ने सभी संकायों के परीक्षा फॉर्म की तिथि घोषित कर दी है ।इसके अंतर्गत नियमित और स्वाध्याय छात्रों को अपना परीक्षा आवेदन प्रस्तुत करना होगा । आवश्यक दस्तावेजों में ई प्रवेश की प्रथम एवं द्वितीय किस्त की रसीद, यदि मेधावी या संबल का विद्यार्थी है तो योजना का पोर्टल पर भरा गया फॉर्म, आई एस एम एस पोर्टल की परीक्षा फॉर्म की रसीद के साथ एबीसी आई डी डिजिलॉकर के प्रमाण पत्र जमा करने होंगे। जिन विद्यार्थियों की एबीसी आईडी अब तक नहीं बनी है वे तत्काल बनाकर परीक्षा फॉर्म में संलग्न करें। उन्होंने यह भी बताया कि एन ई पी विषय चयन से संबंधित दिशा निर्देश भी शिक्षक अभिभावकों को दिए गए हैं, वे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क एमपी ऑनलाइन के माध्यम से जमा कर संबंधित प्राध्यापकों के पास आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। स्कॉलरशिप प्रभारी डॉ मीना कीर ने विद्यार्थियों से पुनः अपील की है कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर 20 मार्च तक आवेदन दिए जा सकते हैं अतः अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए समय सीमा के भीतर अपनी छात्रवृत्ति योजना के फॉर्म जमा करें। डॉ एस सी हर्ने, डॉ संजय चौधरी, डॉ कमल वाधवा,डॉ आलोक मित्रा, डॉ सविता गुप्ता, डॉ हंसा व्यास, डॉ कमल चौबे,डॉ मीना कीर, डॉ आर एस बोहरे, डॉ महेश मानकर, डॉ ममता गर्ग एवं समस्त प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं जन भागीदारी शिक्षक बैठक में उपस्थित रहे।

# प्रिंटिंग सामग्री के आर्डर को लेना होगा पार्टी के लेटर पैड पर

**सिवनी मालवा।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के सहायक




रिटर्निंग अधिकारी सरोज परिहार की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय कक्ष में प्रिंटिंग प्रेस संचालको की एक बैठक संपन्न हुई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार प्रिंटिंग प्रेस संचालक किसी भी प्रकार की प्रिंटिंग सामग्री का आर्डर पार्टी के लेटर पैड पर प्राप्त करेंगे निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया प्रिंटिंग प्रेस संचालक को राजनैतिक दल, अभ्यर्थी या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु प्रिंट कराई जाने वाली सामग्रियों का लेखा-जोखा की एक प्रति व्यय प्रबंधन शाखा में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाना होगा। प्रिंट कराई जाने वाली सामग्री पर प्रिंट कराई गई प्रतियो की संख्या अंकित करना होगा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया प्रिंटिंग प्रेस संचालक को निर्देशित किया गया है कि आप आदर्श आचरण संहिता का पालन किया जाना होगा। मीडिया प्रिंटिंग प्रेस संचालक को निर्देशित किया गया कि आप जो भी प्रिंट कराई जाने वाली सामग्रियों का लेखा-जोखा की प्रतियो पर मात्रा की संख्या अंकित करेंगे।

# भोले बाबा के प्रांगण में घेरा गम्मत, भजन प्रतियोगिता

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

नर्मदाअंचल की माटी मैं पले बड़े हुए हमारे पूर्वजो से हमने जो सुना और देखा आज इस परंपरा को बड़े ही उत्साह उमंग और खुशी के साथ निर्वहन कर रहे हैं। होली के लोक गायन फागुन माह में हमारे पूर्वजों की पुराने जमाने से चली आ रही हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए ग्राम अमलाडा खुर्द में मां रेवा जागृति समिति के तत्वाधान में विशाल घेरा गम्मत भजन प्रतियोगिता भोले बाबा प्रांगड में किया गया।



आयोजन के संरक्षक स्वम् हनुमान जी महाराज मां रेवा मैया की अध्यक्षता में कार्यक्रम का का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में 19 मंडलो ने भाग जिसमे प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपये कमल पाल इंडस्ट्रीज के द्वारा श्यामुगाँव मंडल को दिया,द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपये शंभू दीवान निर्भय पीपलोदे के द्वारा दिगबाड़ मंडल को दिया, तृतीय पुरस्कार 9 हजार रुपये रिंकू जैन नगर पालिका अध्यक्ष सिवनी मालवा के द्वारा भक्त मंडल मठ्ठागाँव को दिया,चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार रुपये अमित पटेल वासनीया के द्वारा पिथमपुर मंडल को दिया इसी मंडल को एक और विशेष पुरस्कार 2100 रुपये का श्याम पाल परिवार खाटू श्याम के भजन पर दिया,पंचम पुरस्कार 6,000 रुपये देव सिंह कीर शिक्षक लोखरतलाई के द्वारा रीटबाड़ मंडल को दिया,छटा पुरस्कार 6,000 रुपये कैलाश कीर अमर सिंह कीर रानीपुर के द्वारा पोखरनी मंडल को दिया, सातवां पुरस्कार 5,000 रुपये बंटी वर्मा जनपद सदस्य के द्वारा महागाँव मंडल को दिया,आठवां पुरस्कार 5,000 रुपये मां रेवा जागृति समिति के द्वारा बाबड़िया भाऊ को और विशेष पुरस्कार 2,100 रुपये महेश उईके मावा वाले के द्वारा रानीपुर मंडल को दिया। इनामी मंडल को सील्ड उमेश अंकिले प्रखंड मंत्री विश्व हिंदू परिषद के द्वारा प्रदान की कार्यक्रम संयोजक हरिओम पाल राजेश पाल ललित पाल सूरजमल कहार विमलेश पाल गणेश कीर बलवान तंवर अंकित पाल शिवराम कीर अनुराग पाल प्रकाश बागवान धनराज पाल प्रवीण पाल बलराम कीर जितेंद्र कीर बिरजू प्रजापति दुर्गा पाल पवन पाल कमलेश निमोदा सुनील पाल लोकेश पाल राधाकिशन धनगर गोलू पाल राजू कहार गणेश कहार अभिषेक पाल ओमप्रकाश धनगर कमल कासदे दिनेश करदोने प्रवीण कीर,भोजन व्यवस्थापक शिव प्रसाद उईके सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# मतदाता जागरूकता के लिए बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन

**सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी मनोज कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में स्वीप के अंतर्गत बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने छात्राओं को ÷मतदान एक राष्टीय पर्व है÷ पर व्याख्यान दिया और मतदान का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की श्रीमती काजल रतन, कु.आकांक्षा पांडे एवं समस्त प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रही।

**मेट्रो एंकर**

### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# शासकीय भवनों पर झंडा फ्लेक्स लगाने पर रहेगा प्रतिबंध



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-17 सरोज परिहार की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय कक्ष में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि किसी भी शासकीय अशासकीय भवन पर पोस्टर बैनर दीवार लेखन पंपलैट फ्लेक्स झंडे आदि का लगाया जाना प्रतिबंधित होगा। सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं उनके कार्यकर्ता पूर्ण रूपेण आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करना होगा। किसी भी निजी संपत्ति या भवन पर बैनर दीवार लेखन पंपलेट फ्लेक्स झंडे आदि संपत्ति के मालिक की लिखित अनुमति उपरांत लगाया जाए निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु प्रिंट कराई जाने वाली सामग्री का लेखा-जोखा वह प्रबंधन शाखा को समय-समय या मागे जाने पर उपलब्ध कराया ना होगा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। रैली सभा आदि के आयोजन की सूचना नियत समय के पूर्व दिए जाना अनिवार्य होगा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निशुल्क प्रदाय की जाने वाली मतदाता सूची एवं मतदान केंद्र सूची आयोग के नियम अनुसार समय पर उनके अधिकृत प्रतिनिधि को प्रदान की जाएगी जिसको पार्टी के लेटर पैड पर देना होगा। इस कार्यालय द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली सूचना पत्र को प्राप्त करने हेतु पार्टी एवं अभ्यर्थी के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम मोबाइल नंबर जो कि स्थानीय स्तर पर निवास करता हो की अनुमति लेटर पैड पर इस कार्यालय में उपलब्ध करावे अधिकृत दल के अतिरिक्त क्षेत्रीय पार्टी या जन सामान्य को मतदाता सूची मतदान केंद्रो की सूची स~ शुल्क प्रदान की जाएगी जिसका निर्धारण आयोग के नियमानुसार एक पेज 5 रूपये एवं दोनों पेज 7 रुपए की दर से किया जाएगा जिसका शुल्क चालान के माध्यम से बैंक में जमा कर एक प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा। बैठक में नायब तहसीलदार नितिन राय राजनैतिक दलों से रघुवीर राजपूत, वरुण पटेल, गोपाल कृष्ण शर्मा, ईश्वर दास जमीदार, मेघराज हरियाले, अजय मालवीय सुनील रघुवंशी उत्तम तवर, अनिल लोवंशी, मास्टर ट्रेनर्स सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई, निर्वाचन मीडिया प्रभारी राममोहन रघुवंशी एवं पुष्पराज पटेल उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया

# मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाई व सहभागिता निभाई

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**कलेक्टर ने मंगलवार को बासौदा एवं कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर किए जा रहे प्रबंधो का जायजा लिया। एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक के पूर्व उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर सहभागिता भी निभाई है। उपरोक्त आयोजनो में पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट के साथ-साथ स्थानीय एसडीएम के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी साथ मौजूद रहें। बासौदा एवं कुरवाई में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले की दोनो संसदीय क्षेत्रों में मतदाता अपने मतो का प्रयोग निर्भीक होकर करें। गतवर्षो के मतदान प्रतिशत की तुलना में वृद्धि हो।**

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक निर्वाचन आयोग के आदेशो का अक्षरशः पालन करेंगे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्वाचन की सम्पूर्ण अवधि तक हरेक निर्देश जो आयोग द्वारा जारी किए जाते है उनका बखूबी अध्ययन कर क्रियान्वयन करें। उन्होंने हरेक विभाग में डिलेवरी सिस्टम उन्नत करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान हर एक कार्यालय का स्टॉप संवेदनशीलता के साथ अंर्तविभागीय समन्वय से कार्यो का संपादन करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने संबंधितों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे सूचना तंत्रो का सशक्त बनाएं ताकि निर्वाचन के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार की गडबडी ना हो पाए। उन्होंने समय सीमा में कार्यो का संपादन कर निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार के दण्डात्मक प्रक्रिया से बचे रहने हेतु ताकिद किया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने सभी मतदान केन्द्रो पर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार किए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए संबंधित एसडीएम सहित अन्य से कहा है कि सेक्टर आफीसरो के द्वारा भ्रमण कर दी गई रिपोर्ट के आधार पर सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है उन्होंने आदर्श आचरण संहिता का अक्षरशः पालन कराने, नाकाबंदी हेतु बनाए गए बार्डर चेकपोस्ट पर दल गठित करने के अलावा ग्राम स्तरीय सूचना तंत्रो के माध्यम से जानकारियां प्राप्ति के संसाधन उन्नत करें। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने मतदाता जागरूकता के लिए संदेशो के सम्प्रेषण पर बल देते हुए कहा कि स्वीप गतिविधियों के तहत विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया जाए ताकि मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदाता मतदान कर जिले में रिकार्ड बनाएं। कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और सहभागिता निभाई।



#### नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरूकता का संदेश

कृषि उपज मंडी बासौदा का कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने औचक निरीक्षण किया और यहां स्वीप गतिविधियों के तहत कृषि उपज मंडी में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेशो को अतिमहत्पूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में नुक्कड नाटको की अलग ही महत्वता है इनकी प्रस्तुतियों से ग्रामीणजनों तक संदेश सुगमता से पहुंचते है। उन्होंने कहा कि हम सबका यही ध्येय है कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले में अधिक से अधिक मतदान हो। हरेक मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। यह मौलिक अधिकार का अधिक से अधिक मतदाता प्रयोग करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने बासौदा कृषि उपज मंडी के निरीक्षण के दौरान मंडी निरीक्षको से संवाद कर फसल ब्रिकी की क्रियान्वित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपरोक्त प्रक्रिया की क्रास मानिटरिंग मौके पर कृषकों से चर्चा कर जानी है। कृषक श्री रामस्वरूप की मसूर फसल को कलेक्टर ने हाथ में लेकर देखा। यहां कृषकों द्वारा किए गए प्रबंधो पर संतोष जाहिर किया। कलेक्टर श्री वैद्य ने बासौदा कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारियों को टोकन सिस्टम, स्वच्छ भोज्य पदार्थ व पेयजल आपूर्ति के प्रबंधों में ओर सुधार लाने तथा कृषकों को धूप से बचाव के लिए छॉव के प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने मंडी परिसर में व्यापारियों से भी संवाद कर वस्तुस्थितियों की जानकारी प्राप्त की है। तौल कांटो में लगाई गई सीलो की जांच के संबंध में भी पूछताछ की है। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने कृषकबंधुओं से कहा कि भुगतान के मामले मंछ किसी भी प्रकार की कोई गडबडी ना हो खासकर कोई भी किसान ठगी का शिकार ना हो इसके लिए किसान और व्यापारी सयुंक्त रूप से सतर्क होकर कार्यो का संपादन करें। यदि कहीं किसी भी प्रकार की अनहोनी होने की संभावना नजर आती है तो अविलम्ब पुलिस को सूचित करें ताकि घटना घटित ना हो सकें।



#### ट्रालियों में लगाई रेडियम पट्टियां

यातायात के दौरान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर स्तर पर प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे है इसी कडी के तहत ट्रेक्टर ट्रालियो में रेडियम पट्टी लगाने का कार्य अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है खासकर कृषि उपज मंडियो में आने वाली ट्रॉलियो में लाल रेडियम पटटी लगाई जा रही है ताकि रात्रि के समय अन्य वाहनो को ट्रॉलियां दूर से नजर आ सकें और हादसे से बचा जा सकें। कलेक्टर श्री वैद्य, पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला और जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट सहित अन्य के द्वारा ट्रॉलियो में रेडियम पट्टी लगाने के कार्यो में सहभागिता निभाई है। नुक्कड नाटक – बासौदा कृषि उपज मंडी में मतदाता जागरूकता का संदेश नुक्कड नाटक के माध्यम से दिया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में कलेक्टर श्री वैद्य, पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट शामिल हुए। मतदाता जागरूकता हेतु कृषकबंधुओं समेत अन्य मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान करें का संदेश श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड नाटक की प्रस्तुतियों के माध्यम से दिया गया है।

#### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जायजा



कलेक्टर ने मंगलवार को कुरवाई प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वैद्य ने कुरवाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर दवा वितरण, जनरल वार्ड, प्रसूति गृह और ई कोल्ड चैन कक्ष में किए गए प्रबंधो का जायजा लिया साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के परिपेक्ष्य में क्रियान्वित बिन्दुओं की पूछताछ कर क्रास मानिटरिंग की है। यहां उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि मरीजो को समय पर इलाज मिले यह सम्पूर्ण स्वास्थ्य विभाग की जबावदारी है और हम इस जबावदारी से वंचित ना रहे। उन्होंने अन्य स्टाफ को भी मरीजो से बेहतर मधुर व्यवहार करने, दवाईयों का समय पर वितरण करने साथ ही आवश्यक रिकार्ड हेतु संधारित पंजियो में सभी अपडेट जानकारियां दर्ज करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट मौजूद रहे।

# आवारा मवेशियों का सड़को पर जमावड़ा, आए दिन हो रही है दुर्घटनाएं

### मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले मालिक बेलगाम

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर में इन दिनो सड़को पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा दिन रात लगा रहता है जिनकी वजह से आये दिन दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है जिनसे जिम्मेदार भी कोई सीख नही ले रहे है। वाहन चालको के साथ दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जो दुकान की दुकानों में घुसकर सामान खाने लगते है सब्जी ठेले बाले तो इनको भगा-भगाकर परेषान है। छत्री चैराह, बासौदा नाका, कष्टम पथ,रोहिल पुरा चैराह, बस स्टैंड,लिंक रोड, मंडी वायपास मार्ग, तहसीलरोड, पंजाब बैंक सतखानी गली के अलावा अन्य स्थानो पर भी मवेषियो की भरमार है। सडक पर ही यह अपना ढेरा जमाकर रखते है। खरीफ फसल की बोनी के बाद किसान अपनी फसलों को नष्ट होने से बचाने के लिए इन्हे अपने खेतो से भगाकर ष्हर में छोड देते है जिसके चलते इनकी संख्या इन दिनो इतनी हो गई है कि इनकी वजह से अब मुख्य सडकों से वाहन निकलना मुष्किल हो गया है। रात्रि में तो यह मवेषी सडको पर बैठे रहते है जिनको हटाने के लिऐ वाहन चालकों को मषक्कत करनी पडती है कई बार अंधेरे में मवेषी भी दिखाई नही देते है जिसके कारण वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है मेवषी भी घायल हो जाते है इनको सडको से हटवाने के लिऐ कोई सामने आ रहा है अधिकांष पशु मालिक जो जानवर दूध दे रहा है उन्हे छोडकर बाकि मवेषियो को अवारा छोड देते है। नगर के पषु मालिक तो एक कदम आगे रहते है उनके द्वार दूध निकालकर सडको पर आवारा छोड दिया जाता है जिसके कारण ष्हर में जगह-जगह मवेषियो झुण्ड खडा रहता है। इनके कारण आम से लेकर खास आदमी को भी परेषानी होती है फिर भी इस समस्या से निजात दिलाने के लिऐ कोई भी सामने नही आ रहा है।



#### मंचो पर होती है बड़ी-बड़ी बातें

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलो में जगल जमीन में तब्दील हो गये है चरनौई भी भूमि पर दंबगो के द्वारा कब्जा कर रखा है जिसके कारण मवेषियों को चरने के लिऐ कही जगह नही है बची है किसान अपने खेतों में खडी फसलों को बचाने के लिऐ मवेषियो को अपने गाव से दूसरे गाव की ओर भगा देते है और कई ग्रामीण इनको ष्हर में छोड जाते है। जिसके कारण समस्या बडती जा रही है। जबकि नेता अधिकारी अपने क्षेत्रों में मंचो से गाय बचाने का संदेष देते है गाय का महत्व भी बताते है लेकिन इनकी रक्षा की बात करने बाले नेता भी इनके सरक्षंण के लिऐ सामने नही आ रहे है इसके कारण मवेषी दुर्दषा का षिकार हो रही है और भूखी प्यासी दर-दर भटकने के लिऐ मजबूर है। इस ओर जिम्मेदारो को ध्यान देकर ठोस कदम उठाने चाहिऐ। या तो ग्राम स्तर पर गौ षालाऐ बनाई जहा पर इनकी देखरेख की व्यवस्था हो। नही तो गौ वंष इसी तरह सडकों पर भूखा प्यासा भटकता रहेगा।

#### ग्रामों में सरकार द्वारा संचालित है गौशालाएं

सरकार द्वारा सिरोंज की कई पंचायतों में गौशालाएं खोली गई है फिर भी गौमाता को रोड पर क्यों है ये सवाल हर एक नागरिक के मान में आता है सरकार का करोड़ों रुपया इसमें खर्च हो रहा है वरिष्ट अधिकारियों को जाँच करना होगा ताकि सड़कों पर से गौमाता को उठाकर गौशालाओं में रखा जा सके

#### पशु मालिकों पर हो कार्रवाई

जो पशु अपने जानवरों की सडको पर भटकने के लिऐ आवारा छोड देते है उनकी पहचान करके उन पषु मालिक पर कार्रवाई होनी चाहिऐ। जों दूध निकाल कर सडको पर छोड देते है। जिन पषु मालिको के जानवर आवारा घूम रहे है उनके पर जुर्माने की कार्रवाई की जाये। तभी जाकर इस समस्या से निजात मिल पायेगी।

# श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर के लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सामने परिसर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चैथे दिन मंगलवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के दौरान पूरा पांडाल खुशी के मारे झूम उठा। नंदोत्सव में श्रद्धालु जमकर नाचे और भक्ति में खो गए। वही वृंदावन धाम से याए कथा वाचक युवाचार्य अभिषेक कृष्ण जी महाराज ने कहा कि शिव त्याग एवं वैराग्य के प्रतीक हैं। इन आचरणों से संतोष प्राप्त होता है। इच्छा ही दुखों का कारण है। देश में बढ़ रही अशांति, अधार्मिकता तथा असंतोष का निदान केवल धार्मिक ग्रंथों के बताए मार्ग पर चलने से संभव है। धर्म हमें मयार्दा में रहने की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान जैसे ही मां देवकी के पुत्र रत्न की प्राप्ति की घोषणा हुई वैसे ही पांडाल में आतिशबाजी के साथ पुष्पवर्षा शुरू हो गई। आकाशवाणी के आधार पर वासुदेव कन्हैया को पालकी में लेकर गोकुल जाने के लिए पांडाल की ओर बढ़े। जीवंत झांकी के दौरान नन्हें-मुन्हें बच्चों ने भी आकर्षक वस्त्र सज्जा के साथ गोकुल का माहौल तैयार किया। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान श्रद्वालु धार्मिक भजनों पर बीच-बीच में नृत्य करते नजर आए। वही कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान के धरती पर आने का क्या कारण है। जब पृथ्वी लोक पर पाप बढ़ जाते हैं तब भगवान धर्म और धरती की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों को सुनाते हुए कहा कि सभी वेदों और उपनिषदों का सार श्रीमद् भागवत कथा है जो 16 वर्षीय उम्र में सुखदेव महाराज ने राजा परीक्षित को सुनाई थी। उन्होंने कहा कि यदि कोई शत्रु शरण में आ जाए तो उसे क्षमा कर देना चाहिए, उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के कारण राजनीति बदनाम हो गई है जब की राजनीति सेवा के लिए होना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे थे।



### आंगनबाडी केन्द्रो पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन हर रोज

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान हेतु अभिप्रेरित के लिए विशेष प्रचार-प्रसार हर स्तर पर किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार जिले की समस्त आंगनबाडी केन्द्रो में हर दिन पृथक-पृथक स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाता जागरूकता के संदेशो का सम्प्रेषण करने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। तदानुसार सोमवार को रंगोली एवं मेंहदी के माध्यम से, मंगलवार को नवदम्पति सम्मेलन व मंगल दिवस के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

# बालाजीपुरम कॉलोनी में 3 दिनों के बाद आई बिजली

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

इमलानी रोड पर स्थित बालाजीपुरम कॉलोनी बैध नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को अस्थाई रूप से कनेक्शन दिए गए हैं। जिसके चलते भरमक बिल दिए जाते हैं। पिछले तीन दिनों से केविल लाइन जल जाने के कारण कॉलोनी में रहने वाले लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा पानी के लिए भी परेशान हुए तीन दिनों के बाद बिजली वितरण कंपनी के द्वारा यहां पर केविल लाइन बदलकर बिजली को चालू किया गया। तीन दिनों तक केवल टूट पड़ी रही उसको ठीक करने का काम भी नहीं किया। रहवासियों के द्वारा कई बार बिजली विभाग में फोन लगाकर बिजली नहीं आने के बारे में बताया इसके बाद भी कोई कर्मचारी नहीं आया। 32 डिग्री तापमान होने के कारण लोगों हालत खराब हो रही थी वहीं बिजली वितरण कंपनी के द्वारा किसी को 4000 तो किसी को 5000 एवं 2000 से काम बिल किसी को नहीं दिया जा रहा है।



**मेट्रो एंकर**

### जाम लगने पर अतिक्रमणकारियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

# शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर पति ने की मारपीट, चला ड्रामा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर पति ने पत्नी के साथ शराब दुकान के बाहर बीच सड़क पर खुलेआम काफी देर तक मारपीट की दोनों के बीच में झूम झटका भी हुई इसके बाद यहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई पत्नी ने भी हौसला दिखाते हुए पति के अत्याचार का विरोध करते हुए पलटवार करते हुए पति को भी सबक सिखाया इसके बाद मौजूद लोगों ने बीच बचाव करते हुए दोनों को अलग-अलग करके मामले को शांत करवाया काफी देर तक यहां पर ड्रामा पति-पत्नी के बीच में चला रह पहले तो समझ में नहीं आया पर विवाद खत्म होने के बाद पत्नी ने बताया कि मुझे से जबरन शराब पीने के लिए 100 मांगे जा रहे थे जबकि पति के पास पहले से ही 100 थे। उसकी शराब खरीद ली और शराब लेने के लिए पत्नी पर पैसों के लिए दवा बनाया जा रहा था इसके बाद दोनों के में मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई पति जहां खुद के पैसों से शराब एक क्वार्टर ले चुका था पति ने पत्नी से जिद करते हुए कहा कि मुझे दूसरा क्वार्टर भी लेना है 100 दो पत्नी ने जवाब देते हुए कहा कि मेरे पैसे में नहीं दूंगी तुम्हारे पास जो पैसे उनसे शराब पियो चाहे कुछ करो मुझे कोई दिक्कत नहीं है पर मेरे पैसे शराब के लिए मैं नहीं दूंगी इसी बात से नाराज होकर पति ने महिला को थप्पड़ झड़ते हुए जमकर मारपीट प्रारंभ कर दी इसके बाद महिला ने भी साहस दिखाते हुए पति के अत्याचार का विरोध करते हुए पलट बार करते हुए जवाब देते हुए पति पर पलटवार बार कर दिया इसके बाद उसका दिमाग ठिकाने पर आया पति ने पत्नी पर पत्थर से हमला करते हुए उसकी बुरी तरह से घायल भी कर दिया इसकी वजह से उसके चेहरे पर से खून टपक रहा था छोटी बच्ची भी इनके साथ मौजूद थी वहां रो रही थी। दोनों के बीच काफी देर तक जमा उठा पटक होती रही होती रही। इसके उपरांत लोगों ने बड़ी मुश्किल से बीच बचाव करते हुए विवाद को शांत करवाया। मुख्य सड़क पर शराब दुकान के सामने काफी देर तक हंगामा होता रहा इसके बाद भी यहां पर पुलिस प्रशासन से कोई नहीं पहुंचा यहां पर इस तरह के हालात प्रतिदिन निर्मित होते हैं।



#### शराब दुकान के बाहर ही झलकते हैं जाम

सरकार के द्वारा शराब दुकान के बाहर बैठकर तथा खुले में शराब पीने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसका पालन केवल कागजों में ही हो रहा है धरातल पर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आबकारी तथा पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा किसी के द्वारा खुलें में शराब पीने वालों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इसके चलते शराबी शराब दुकान के बाहर शराब पीकर हंगामा करते हैं। मंडी बाईपास रोड पर संचारित होने वाली दुकान पर तो शराबियों का आतंक इतना ज्यादा है कि यहां पर दिनभर एक दूसरे के साथ मारपीट के बाद वाहन चालकों पर पत्थर मारने का काम भी कई शराबियों के द्वारा किया जाता है। इस वजह से यहां पर जाम के हालात भी निर्मित होते हैं। कार्रवाई करने के लिए कोई नहीं पहुंचता है सिर्फ खाना पूर्ति जरूर दोनों विभागों के द्वारा की जाती है।

#### अतिक्रमण से हालात और ज्यादा खराब -

पिछले महीने एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के द्वारा पूरे शहर में के कार्रवाई करते हुए कच्चे पक्के अतिक्रमण को तोड़ा सामान भी जप्त किया पर शराब दुकान के बाहर होने वाले अतिक्रमण को हटाने का काम पुलिस और प्रशासन मिलकर भी नहीं कर पाया केवल कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति जरूर कर दी गई इस वजह से यहां पर शराबियों की भीड़ लगी रहती है चखने की दुकान है लगी होने से हालत खराब होते हैं।

#### आचार संहिता की भी उड़ाई जा रही है धज्जियां

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू है एक साथ चार लोग एक जगह बैठकर भीड़ नहीं लगा सकते हैं पर शराब दुकान के बाहर सड़क पर ही बैठकर शराब पीने का काम बड़ी संख्या में शराबियों के द्वारा किया जाता है। यहां झुंड के रूप में यह लोग बैठकर खुलेआम शराब पीकर आचार संहिता की भी अवहेलना कर रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है।

#### इनका कहना है -

*शराबियों के द्वारा खुलेआम इसी तरह से प्रतिदिन विवाद किया जाता है शराब के लिए अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने की घटना बहुत ही शर्मनाक है ऐसी मानसिकता वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए दूसरी ओर सड़क पर अतिक्रमण करके यातायात को बाधित करने वालों पर भी प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए ।*

***जितेंद्र बघेल** युवा कांग्रेस अध्यक्ष*

*यदि ऐसा है तो हम जांच करवा कर दिखाते हैं शराब दुकान के बाहर बैठकर शराब पीना प्रतिबंधित है आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करेंगे यदि अतिक्रमण हो रहा है हो रहा है तो उसको भी हटाया जाएगा।*

***हर्षल चैधरी** एसडीएम*



# तीरंदाजी विश्व कप: पहला चरण 21 से 28 अप्रैल तक चाइना के शंघाई में

## चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहीं दीपिका कुमारी

**सोनीपत, एजेंसी**

सोनीपत में ट्रायल के बाद तीरंदाजी विश्व कप के पहले दो चरणों के लिए 16 सदस्यीय टीम और पेरिस ओलंपिक के लिए एक अस्थाई टीम की घोषणा की गई। तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी विश्व कप और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए आयोजित हुए भारतीय महिला रिकर्व चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

आपको बता दें कि आगामी तीरंदाजी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए एक अस्थाई टीम तैयार करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल के बाद तीरंदाजी विश्व कप 2024 के पहले दो चरण के लिए 8 रिकर्व और 8 कंपाउंड तीरंदाज समेत कुल 16 तीरंदाजों का चयन किया गया है। रिकर्व तीरंदाजी में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारत की 8 सदस्यीय अस्थाई टीम की घोषणा की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण के तीरंदाजी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक संजीव सिंह ने पीटीआई से कहा, यह (रिकर्व) टीम अस्थाई है (ओलंपिक के लिए), और हम विश्व कप के पहले दो चरणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर एक या दो बदलाव कर सकते हैं। मां बनने के बाद वापसी कर रही दीपिका कुमारी सोनीपत में एशियाई खेल 2023 से पहले हुए चयन ट्रायल में भी शीर्ष पर रहीं थी। कमोलिका बारी ने भी तीरंदाजी विश्व कप में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। बगदाद में होने वाले एशिया कप के लिए जनवरी में कोलकाता में हुए चयन ट्रायल में भी दीपिका ने शीर्ष स्थान हासिल किया था। साल 2022 में मां बनने के बाद, वापसी करते हुए दीपिका ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय इवेंट के व्यक्तिगत वर्ग समेत टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। इस बीच, तीरंदाजी में पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का अब तक का एकमात्र कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुष रिकर्व प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। ओलंपियन तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव और मृणाल चौहान ने पुरुष रिकर्व टीम में जगह बनाई। गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी इवेंट में मौजूदा महिला विश्व चैंपियन अदिति स्वामी और अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा ने टीम में अपना स्थान पक्का किया। तीरंदाजी विश्व कप 2024 का पहला चरण 21 से 28 अप्रैल तक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शंघाई में आयोजित किया जाएगा।

## तीन दिन बाद होगा आईपीएल का महामुकाबला

# मुंबई इंडियंस में जेसन की जगह ल्यूक वुड शामिल

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का बिगुल बज चुका है. आईपीएल 2024 के शुरू होने में अब सिर्फ तीन दिन बचे हैं. हालांकि, इस बीच खिलाड़ियों के चोटिल होने से कई टीमें परेशान हैं. लीग के आगाज़ से पहले लगातार टीमें चोटिल खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट की तलाश कर रही हैं. इस बीच मुंबई इंडियंस ने चोटिल जेसन बेहरनडार्फ के रिप्लेसमेंट का एलान कर दिया है.

मुंबई इंडियंस ने पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर जल्मी के लिए खेलने वाले तेज गेंदबाज ल्यूक वुड को अपनी टीम में शामिल किया है. 28 साल के लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज पीएसएल 2024 में बाबर आजम की कप्तानी में पेशावर जल्मी के लिए खेले थे. वह अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे. वुड ने कुल 12 विकेट झटके और 8.24 की इकॉनमी से रन खर्च किए. पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाज जेसन बेहरनडार्फ की जगह पर ल्यूक वुड को अपनी टीम में शामिल किया है. वुड इंग्लैंड के लिए दो वनडे और पांच टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं. उन्हें टी20 क्रिकेट का स्पेशलिस्ट गेंदबाज माना जाता है. इंडियन प्रीमियर लीग के बयान के अनुसार ल्यूक वुड 50 लाख रुपए की कीमत पर मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे. आईपीएल के बयान के अनुसार, ÷मुंबई इंडियंस ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए चोटिल जेसन बेहरनडार्फ की जगह इंग्लैंड के ल्यूक वुड को अपनी टीम में शामिल किया है.।

### 22 मार्च से होगा आईपीएल 2024 का आगाज

आईपीएल का आगाज़ 22 मार्च से होगा. लीग का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा. वहीं मुंबई इंडियंस की टीम अपना पहला मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ 24 मार्च को खेलेगी. देश में होने वाले लोकसभा चुनाव की वजह से अभी तक आईपीएल 2024 के सिर्फ 21 मैचों के शेड्यूल का ही एलान हुआ है।



## फिटनेस टेस्ट में फेल हुए सूर्या कुमार यादव! पूरे सीजन से बाहर होने का मंडराया खतरा



टी20 क्रिकेट के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार यादव को सोमवार को फिटनेस टेस्ट हुआ था और रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें एनसीए ने खेलने की मंजूरी नहीं दी है। आईपीएल 2024 से पहले जो उठापटक मुंबई इंडियंस के खेले में शुरू हुआ था, वह अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईपीएल 2024 के पहले कुछ मैचों से बाहर हो सकते हैं। चोट की वजह से टीम इंडिया से बाहर हुए सूर्या का नेशनल क्रिकेट एकेडमी में फिटनेस टेस्ट हुआ लेकिन वह खरे नहीं उतरे और एनसीए ने उन्हें क्लियरेंस नहीं दी है। इसके बाद माना जा रहा है कि वह आईपीएल के शुरुआती मैचों में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे। हालांकि उनका दूसरा फिटनेस टेस्ट कुछ दिनों बाद होना है और अगर वहां भी सूर्या फिट साबित नहीं होते तो उन्हें लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ सकता है। ये खबर मुंबई इंडियंस के फैंस और टीम के लिए निराशा ला सकती है। सूर्या ऐसे बल्लेबाज हैं, जो पलट झपकते ही मैच का रुख पलट सकते हैं। सूर्या आईपीएल में विरोधी टीमों के लिए कितने खतरनाक हो सकते हैं, वो इनके आंकड़े बयां कर रहे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं।

सूर्या ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में अपना आखिरी मुकाबला दिसंबर में खेला था, तब से वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं। मुंबई इंडियंस अपना पहला मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ 24 मार्च को अहमदाबाद में खेलेगी। हार्दिक पंड्या की अगुवाई में मुंबई इंडियंस इस सीजन मैदान पर उतरेगी। मुंबई ने पहला खिताब साल 2013 में रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था और अब तक वह 5 बार इस टीम को चैंपियन बना चुके हैं। इस बार रोहित शर्मा बतौर खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे और उम्मीद है कि फैंस उनकी बेखौफ बल्लेबाजी का लुत्फ उठा पाएंगे।

# एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

**नईदिल्ली, एजेंसी**



आईपीएल 2024 के जरिए लगभग एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करने के लिए तैयार भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। सिद्धू ने कमेंट्री में अपनी खास पहचान बनाई थी, लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने के लिए तैयार हैं। आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका व वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेला जाएगा।

**आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा:** सिद्धू ने कहा- आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा, इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है।

**कोहली अपनी फिटनेस की वजह से सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज:** सिद्धू ने कहा, मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने कि उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।



## मेट्रो बाजार

# भारत से अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 254 फीसदी बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत स्मार्टफोन के लिए एक प्रमुख उत्पादन केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात में इजाफा हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा और अमेरिकी कंपनी एपल के भारत में आईफोन विनिर्माण शुरू करने से भी निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है। भारत से अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने यानी अप्रैल-दिसंबर अवधि में 253.70 फीसदी बढ़कर 3.53 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत इसके साथ ही चीन और वियतनाम के बाद अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। हालांकि, इस दौरान चीन और वियतनाम से निर्यात में गिरावट आई है। भारत 2022-23 की समान अवधि में भारत ने अमेरिका को सिर्फ 99.8 करोड़ डॉलर के स्मार्टफोन बेचे थे। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान स्मार्टफोन निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 फीसदी पर पहुंच गई। 2022-23 की समान अवधि में यह दो फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान चीन का अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात 38.26 अरब डॉलर से घटकर 35.1 अरब डॉलर रह गया।



# भारतीय स्टार्टअप इस साल जुटा सकते हैं एक लाख करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** स्टार्टअप इनोवेशन व विकास जारी रखने के लिए कॉरपोरेट गवर्नंस और सही मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित करें। कांत ने देश में स्टार्टअप की चिंता पर कहा, लंबे समय के टिकाऊ और समृद्ध बनने के लिए ऐसी कंपनियों को कड़े कदम उठाने होंगे। भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया में सबसे जीवंत है। भारतीय स्टार्टअप इस साल करीब एक लाख करोड़ रुपये की पूंजी जुटा सकते हैं। स्टार्टअप महाकुंभ में उद्यम पूंजी फर्म पीक एक्सवी के प्रबंध निदेशक राजन आनंदन ने सोमवार को कहा, करीब 20 अरब डॉलर की निजी पूंजी बिना निवेश के पड़ी है और वह भारत में निजी फर्मों एवं स्टार्टअप में निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं। उम्मीद है कि भारतीय स्टार्टअप इस साल 8-12 अरब डॉलर (66,316 से 99,493 करोड़ रुपये) जुटा सकते हैं। आनंदन ने कहा, 2021 से पहले स्टार्टअप में निवेश राशि 8-10 अरब डॉलर थी। 2021 और 2022 में यह संयुक्त रूप से बढ़कर 60 अरब डॉलर पहुंच गई। पिछले साल निवेश राशि सात अरब डॉलर थी, जिसे लोगों ने कम कहा। यह शून्य भी हो सकती थी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



### फिल्म 'शैतान' के बाद मिली तारीफ

# तीनों स्टार के साथ काम कर कुछ न कुछ सीखा ही मैंने: जानकी

अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' में देखा जाए तो अभिनय के मामले में अभिनेत्री जानकी बोदीवाला अव्वल नंबर पर रही हैं। फिल्म में बच्ची सी दिखने वाली इस अदाकारा ने अजय देवगन और ज्योतिका की किशोरवय बेटी जाह्नवी का किरदार निभाया है। लेकिन, गुजराती सिनेमा में काम करते हुए जानकी को लंबा अरसा हो चुका है और वह इस समय 28 साल की हैं। जिस गुजराती फिल्म 'वश' की 'शैतान' हिंदी रीमेक है उसमें जानकी ने आर्या की भूमिका निभाई थी। 30 अक्तूबर 1995 को अहमदाबाद में जन्मी जानकी हिंदी सिनेमा में अपनी डेब्यू फिल्म 'शैतान' को लेकर काफी उत्साहित हैं।

जानकी ने बताया कि मैंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत गुजराती फिल्म इंडस्ट्री से की। जिस तरह से आम लड़कियों की बचपन में सोच होती हैं कि एक्टिंग करनी है, उसी तरह की मेरी भी सोच रही है। बचपन में सभी अभिनेत्रियों को देख कर लगता था कि एक्टर ही बनना है। जब फिल्में देखती थी तो मुझे लगता था कि फिल्म की एक्ट्रेस खुद ही गा रही हैं, लेकिन जब होश संभाला तब समझ में आया कि गाने तो किसी और ने गाए हैं, बस उन गानों पर वह परफॉर्म कर रही हैं। मुझे काजोल, करीना कपूर खान और आलिया भट्ट की फिल्में बहुत पसंद हैं। उनकी फिल्में देखकर ही अभिनय की तरह मेरा झुकाव हुआ।

**गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में है जानकारी:** मेरी शुरुआत गुजराती फिल्म 'छेलो दिवस' से हुई। इस फिल्म के लिए मैंने ऑडिशन दिया, उसमें मेरा चयन हो गया। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई और साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म रही हैं। इस फिल्म से पहले अभिनय के बारे में मुझे कुछ नहीं पता था, क्योंकि न ही मैंने कहीं से एक्टिंग सीखी है और न ही थियेटर किया है। जो भी मैंने सीखा है फिल्मों में काम करके ही सीखा है। इसके बाद मैंने गुजराती में कई फिल्म की।

### अजय देवगन की फैन हूं...

हम सब तो उनके बहुत बड़े फैंस हैं ही, इस बात में कोई शक नहीं है। लेकिन मुझे उनके साथ काम भी करना था। मैं उनकी कितनी बड़ी जबरदस्त फैन रही हूं, पूरी एक महीने की शूटिंग के दौरान जाहिर नहीं होने दिया। लेकिन जैसे ही फिल्म की शूटिंग खत्म हुई, मैं अपने जज्बात को रोक नहीं पाई। धीरे से अजय सर के पास गई और कहा कि सर, क्या मैं आपके साथ एक सेल्फी ले सकती हूं? उन्होंने कहा, ऑफ कोर्स। उसके बाद मैंने उनको बताया कि उनकी कितनी बड़ी फैन हूं।

# आयुष्मान फिल्मों के चुनाव को लेकर बोले- मुझे जोखिम से भरे किरदार पसंद

आयुष्मान खुराना अपनी हर फिल्म में एक अलग अवतार में दिखाई देते हैं। उनकी फिल्मों या किरदारों में कोई दोहराव दिखाई नहीं देता है। इस विषय में बात करते हुए अभिनेता कहते हैं, मैं शुरू से ही ऐसी फिल्में करना चाहता था जो किसी ने नहीं किया हो। अभिनेता आयुष्मान खुराना बॉलीवुड में अलग तरह की फिल्में करने के लिए मशहूर हैं।



फिल्म 'विक्की डोनर' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले अभिनेता ने फिल्म इंडस्ट्री को एक से ब?कर एक हिट फिल्मे दी हैं। साल 2023 में उनकी फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही है। हाल ही में आयुष्मान बॉलीवुड में अपने करियर और अपनी फिल्मों के चुनाव पर खुलकर बातें करते दिखाई दिए। आयुष्मान खुराना अपनी हर फिल्म में एक अलग अवतार में दिखाई देते हैं। उनकी फिल्मों या किरदारों में कोई दोहराव दिखाई नहीं देता है। इस विषय में बात करते हुए अभिनेता कहते हैं, मैं शुरू से ही ऐसी फिल्में करना चाहता था जो किसी ने नहीं किया हो। मुझे बॉलीवुड में आकर कुछ अलग करना था।

**जोखिम लेना है पसंद :** आयुष्मान खुराना अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं हमेशा से कुछ ऐसा करना चाहता था जिसे देखकर मुझे या मेरे फैंस को गर्व महसूस हो और मैं आज भी जोखिम भरे किरदार निभाने के लिए तैयार हूं। एक अभिनेता के तौर पर मेरी प्राथमिकता मेरे दर्शक हैं। मैं चाहता हूं वे जब भी मेरी कोई फिल्म देखें उन्हें लगे कि उन्होंने कुछ अलग और नया देखा है। मैं दोहराव से डरता हूं।

**वर्जित विषयों का चुनाव:** फिल्म विक्की डोनर में आयुष्मान स्पर्म डोनर की भूमिका में नजर आए थे। यह फिल्म बांझपन की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। अपनी फिल्मों के चुनाव पर बात करते हुए अभिनेता कहते हैं, मुझे हमेशा से वर्जित विषयों पर काम करना और उन्हें जानना पसंद है।

# कृति ने बनाया हलवा, शेयर की तस्वीर तो फैंस बोले- 'कढ़ाई इनकी भी काली है...'



कृति खरबंदा ने ससुराल में पहली रसोई की रस्म की, जिसकी झलकियां उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं. ऐसे में फैंस की नजर कढ़ाई पर गई, जिसके बाद वे रिएक्ट करने लगे. पुलकित सम्राट से शादी के बाद कृति खरबंदा का ससुराल में ढोल-नगाड़ों के साथ शानदार स्वागत हुआ था. वहीं अब एक्ट्रेस के ससुराल में पहली रसोई की रस्म हुई है. पहली रसोई के लिए कृति ने हलवा बनाया है जिसकी झलकियां उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं. कृति ने स्टोरी पर तीन फोटोज पोस्ट की हैं. पहली फोटो में एक्ट्रेस ने हलवे की झलक दिखाई है. कृति खरबंदा ने एक और फोटो शेयर की है जिसमें वे अपनी दादी सास के साथ पोज देती दिख रही हैं. लाल रंग का सूट पहने और माथे पर सिंदूर लगाए एक्ट्रेस काफी खूबसूरत दिख रही हैं. इस तस्वीर के साथ कृति ने कैप्शन में लिखा- 'अप्रूवर्ड बाई दादी' इसके अलावा एक तीसरी फोटो में एक्ट्रेस हलवे की गार्निशिंग करती दिखाई दे रही हैं.

### कढ़ाई पर गई फैंस की नजर

कृति खरबंदा ने हलवे को सजाते हुए जो फोटो शेयर की है उसमें उनका किचन दिखाई दे रहा है. ऐसे में फैंस की नजर चूल्हे पर रखी कढ़ाई पर गई, जिसके बाद वे इसपर रिएक्ट करने लगे. दरअसल कृति की कढ़ाई पर कालिख जमी है. इसे लेकर एक फैन ने कमेंट किया- इनके घरों में भी कढ़ाई काली होती है क्या. एक दूसरे शख्स ने लिखा- कढ़ाई इनकी भी काली है. वहीं एक फैन ने लिखा- कढ़ाई तो गरीबों वाली है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स कृकि खरबंदा के किचन पर भी कमेंट कर रहे हैं. एक शख्स ने लिखा- मुझे लगा मेरे ही घर का किचन नॉर्मल दिखता है, लेकिन यहां सेलिब्रिटीज का भी ऐसा लग रहा है. एक दूसरे यूजर ने लिखा- अमीरों की रसोई भी ऐसी होती है जैसे नॉर्मल लोगों की, वाह.

### 15 मार्च को हुई थी शादी

कृति खरबंदा ने 15 मार्च को अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड और एक्टर पुलकित सम्राट से शादी की. दोनों एक इंटीमेट सेरमेनी में पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधे. इस दौरान शादी में सिर्फ परिवार, करीबी रिश्तेदार और करीबी दोस्तों ने शिरकत की. कृति-पुलकित की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### रंजिश में युवक पर चाकू से हमला, बाएं हाथ की अंगुली कटी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर चौराहा पर पांच बदमाशों ने मिलकर एक युवक से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का हमला रोकने के प्रयास में उसके बाएं हाथ की अंगुली बुरी तरह से कट गई। इसके अलावा शरीर में भी अन्य जगह चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्वयं उर्फ शिब्बु पिता उमेश भायत (20) कोटरा सुल्तानाबाद में रहता है?और प्राइवेट काम करता है। उस पर कमला नगर और टीटी नगर में दो अपराध दर्ज है। पुलिस ने बताया कि 17 मार्च की रात माता मंदिर चौराहा पर खड़ा?था, तभी इलाके में रहने वाले शुभम परतेती उसके भाई आकाश परतेती, आलोक, अभय सोनी समेत उसके साथी ने रोक लिया और पुरानी बात को लेकर उससे विवाद करने लगे। आरोपी उससे गालीगलौज करते हुए विवाद कर रहे थे। शिब्बु ने आरोपियों को गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उससे मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। सीने पर किए गए चाकू के हमले को हाथ से रोकने के कारण शिब्बु के बाएं हाथ की अंगुली बुरी तरह से कटी है।

### छह महीने के मासूम की मौत

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र में रहने वाले छह साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसका मुंडन कराने के बाद ग्वालियर से अपने घर भोपाल लाए?थे। इसके बाद से ही उसे तेज बुखार आ रहा था। कल मंगलवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर एम्स पहुंचे थे। वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बिजली कॉलोनी निवासी अनिल गिरी ने बताया कि उनका छह महीने का बेटा शिवांश गिरी था। अभी ही शिवांश छह महीने का हुआ था। तीन दिन पहले ही परिजन उसे ग्वालियर के बलिया अपने पैतृक गांव से लेकर गए थे। वहां उसका मुंडन कराया और घर ले आए। मुंडन कराने के बाद से ही उसे बुखार आ रहा था। उसका प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया गया, लेकिन आराम नहीं लगा। मंगलवार सुबह परिजन शिवांश को लेकर एम्स पहुंचे, वहां करीब एक घंटे बाद डॉक्टर ने शिवांश को मृत घोषित कर दिया।

### चूनाभट्टी में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



**भोपाल।** चूनाभट्टी थानांतर्गत दुर्गा नगर में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। परिजनों के बयान होने के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस के मुताबिक शिवम बलोनिया (27) दुर्गा नगर में रहता था और प्रायवेट काम करता था। मंगलवार शाम करीब पांच बजे परिजनों ने उसे फांसी पर लटका देखा तो फंदे से नीचे उतारा और इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद शिवम को मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच की जा रही है।

---

मंगलवारा थाना क्षेत्र का मामला

# शातिर चोर से ई-रिक्शा समेत तीन बाइक जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मंगलवारा पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का ई-रिक्शा सहित तीन बाइक जब्त की है।**

**जब्त वाहनों की कीमत तीन लाख चालीस हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से अन्य चोरी हुए वाहनों के बारे में पूछाताछ कर रही है।**

पुलिस के अनुसार 17 मार्च को ऐशबाग निवासी मोहम्मद अख्तर का ई रिक्सा मंगलवारा इलाके से चोरी हो गया था। पुलिस ने अख्तर की शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की। इस दौरान मुखबिर तंत्र भी लगाए गए। मुखबिर से सूचना मिली कि मंगलवारा से चोरी हुआ बिना नंबर का ई-रिक्सा नादरा बस स्टैंड के थोडे आगे सपना लाज के पास है। रिक्शे के पास एक युवक भी खड़ा हुआ है। टीम ने इलाके की घेराबंदी करते हुए रिक्शे के पास खड़े संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम आर्यन सिंह पिता अजय लांजीबार सिंह (22) बी-22 ललित नगर, सस्ता भंडार राजहर्ष कालोनी कोलार बताया। पुलिस ने उससे ई रिक्सा जब्त कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद मुख्ता कालोनी के पास निशातपुरा से चोरी की गई बाइक और एमपीनगर से चुराई गई बाइक भी जब्त की गई है।



### विंध्याचल भवन की पार्किंग से बाइक चोरी

भोपाल। राजधानी के हाई सिक्योरिटी जोन वाले विंध्याचल भवन की पार्किंग से बाइक चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक सोमवार को फैज उद्दीन ने पार्किंग में अपनी बाइक खड़ी की थी। कुछ समय बाद देखा तो उनकी बाइक गायब हो चुकी थी। अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वाहन चोरी का केस दर्ज कर लिया है। इधर बागसेवनिया थानांतर्गत एम्स अस्पताल की पार्किंग में खड़ी अमित कुचबंदिया, बोट क्लब स्थित रंजीत होटल के पास श्यामला हिल्स से नीरज कुमार और क्वालिटी रेस्टारेंट के सामने न्यू मार्केट पार्किंग से अकबर अली की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### मकान और दुकान से हजारों का सामान चोरी

भोपाल। बदमाशों ने एक मकान एक दुकान से हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक छोला मंदिर थानांतर्गत नारायण नगर में रहने वाले देवेंद्र के सूने मकान से चोर जेवरात और नकदी समेत करीब 35 हजार का सामान चोरी कर ले गए। इधर कोतवाली थानांतर्गत ताज मार्केट स्थित जयेश जैन की दुकान का ताला तोड़कर चोर गल्ले में रखे 15 हजार रुपये चोरी कर ले गए। इसी प्रकार शाहपुरा थानांतर्गत दानापानी रोड स्थित विनोद की गुमठी का ताला तोड़कर चोर सिगरेट और गुटखे के पैकेट समेत करीब 15 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### अस्पताल में पहुंच रहे आंखों के मरीज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बदलती लाइफस्टाईल के चलते शरीर पर इसका असर दिखने लगा है। ऐसे में आंखों पर इसका असर ज्यादा हो रहा है। धूल-मिट्टी और कंकण से इन्फेक्शन फैल रहा है। ऐसे में राजधानी के अस्पतालों में आंखों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। भोपाल में रोजाना औसतन 18 से 20 मरीज अस्पतालों की ओपीडी में ग्लूकोमा के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इससे बड़ी समस्या यह है कि पहले यह बीमारी अकसर 50 से अधिक आयु के लोगों में देखने को मिलती थी। अब यह रोग 30 फीसदी से अधिक 40 से कम आयु के लोगों में देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि बार-बार चश्मे का नंबर बदले, आंख में खुजली या आंसू आने के साथ ही सिर में दर्द हो तो जांच जरूर करानी चाहिए। इसके अलावा 40 की आयु के बाद भी लोगों को जांच करानी चाहिए। यदि समय-समय पर आंखों की जांच कराते रहें तो इसका समय रहते पता चल सकेगा और उसका उचित उपचार हो सकेगा। सरकारी अस्पतालों में इसकी निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। आई ओपीडी में आकर इसकी जांच कराई जा सकती है।

#### यह है कारण

- दिनचर्या का असर आपकी आंखों पर हो रहा है।
- लंबे समय से कोई दवाई खाने से भी यह समस्या हो सकती है।
- ब्लड सर्कुलेशन सही नहीं रहना भी एक प्रमुख कारण हो सकता है।
- बिगड़ती लाइफ स्टाइल के चलते युवाओं में डायबिटीज के मामले बढ़े हैं जिससे यह बीमारी भी बढ़ रही है।

# शहर में होली उत्सव की धूम: महिलाओं ने खेली फूलों से होली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के मंदिरों में होली उत्सव की शुरूआत शुरू हो चुकी है। ऐसे जगह-जगह मंदिरों में आयोजन भी किए जा रहे हैं। इसी के तहत बजरंग मंदिर पम्पापुर हर्षवर्धन नगर में होली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने राधा के वेष बनाकर आई और भगवान कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। मंदिर में फूलों की होली के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया है। साहू समाज मंदिर घोड़ा नक्कास में भी समाज की महिलाओं द्वारा होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

**इधर, सखी सहेली ग्रुप ने खेली फूलों की होली :** वैशाली नगर कोटरा सुल्तानाबाद की महिलाओं के ग्रुप सखी सहेली की ओर से होली रंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई और एक



दूसरे को होली की बधाई दी। इस मौके पर महिलाओं ने होली गीत गाए। आयोजन समिति की पायल शिवहरे ने बताया कि सखी सहेली महिलाओं का एक ऐसा वर्ग है, जो सभ्यता और संस्कृति के जरिए सामाजिक संदेश के लिए पारिवारिक माहौल में उत्सव मनाते हैं। इस कार्यक्रम में ब्रिजुला सचान, ज्योति साहू, ममता विश्वकर्मा, कामाक्षी विश्वकर्मा, गूंजन मिश्रा सहित अनेक महिलाएं शामिल थी।

**श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया:** ट्रांसपोर्ट नगर कोकता में चल रही संगीतमय भागवत कथा में मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर आकर्षक झांकी सजाई गई। इस मौके पर कृष्ण जन्म लीला प्रसंग का मंचन किया गया। इस दौरान आयोजन स्थल नंद घर आनंद भयो के जयकारों से गूंज उठा।

### शिखर ध्वज अर्पण निशान यात्रा आज

खाटू श्याम मंदिर पुतलीघर में निशान यात्रा बुधवार को निकाली जाएगी। इस मौके पर शिखर ध्वज अर्पण कार्यक्रम भी होगा। निशान यात्रा सुबह 9.15 बजे शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होगी, जो मोती क्वार्टर, भगत सिंह चौराहा, खेड़ापति हनुमान मंदिर, इंद्रा नगर, साईबाबा मंदिर सहित विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए खाटू श्याम प्राचीन हनुमान मंदिर पुतलीघर पहुंचेगी। इस मौके पर दोपहर 12.15 बजे मंदिर शिखर ध्वज अर्पण कार्यक्रम होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

# चेकिंग के दौरान एएसआई से गाली गलौज, शासकीय कार्य में बाधा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एम्स मोड़ पर कल दोपहर वाहन चेकिंग में लगे एक एएसआई से बाइक सवार युवक ने गालीगलौज कर दी। एएसआई का कहना है कि उन्होंने बाइक सवार को ट्रैफिक के नियम तोड़ने पर रोका था और हेलमेट नहीं लगाने का कारण पूछा। इस पर वह भड़क गया और गालीगलौज करने लगा।?बागसेवनिया पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ गालीगलौज और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार एएसआई रामस्वरूप सेन मध्य प्रदेश पुलिस में पदस्थ हैं। उनकी ड्यूटी इन दिनों यातायात में चल रही है और कल मंगलवार को वह एम्स के पास मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच बाइक सवार महेंद्र सिंह चेकिंग पाइंट के पास पहुंचा। उसने



फाइल फोटो

हेलमेट नहीं लगाया था और उसे चेकिंग कर रहे स्टाफ ने रोक लिया। रोकने के बाद वह बदतमीजी करने लगा तो वहां एएसआई सेन पहुंचे और उन्होंने बाइक सवार महेंद्र से बदतमीजी नहीं करने का कहा। इस पर वह भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। इसके बाद बागसेवनिया पुलिस को बुलाया गया और शिकायत दर्ज कराई गई।

# 14 साल की किशोरी को परेशान कर रहा था 34 साल का मनचला, पुलिस ने किया केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन पुलिस ने 14 साल की एक किशोरी की रिपोर्ट पर 34 साल के मनचले के खिलाफ पीछा कर छेड़छाड़ और मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली किशोरी आठवीं तक पढ़ाई करने के बाद घर पर ही रहती है। वह रोजाना मंदिर जाती है। पिछले कुछ दिनों से मोहल्ले में रहने वाला



जितेंद्र नामक युवक मंदिर आते-जाते उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। किशोरी ने उसकी हरकतों पर ध्यान नहीं दिया था। सोमवार को मंदिर से लौटते समय जितेंद्र ने उसे बिल्डिंग की सीढ़ियों के पास पकड़ लिया। किशोरी ने शोर मचाया तो उसने उसे धक्का दे दिया, जिससे किशोरी घायल हो गई। उसके बाद उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे, जहां पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022